हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शनिवार 23 दिसंबर 2023




**खबर संक्षेप**

### एनपीएस में वार्षिकोत्स्व आज

**राजनांदगांव।** नीरज पब्लिक स्कूल पेंड्री अपनी परंपरा के अनुसार अपना वृहद वार्षिकोत्सव कल 23 दिसंबर को आयोजित करने जा रहा है। इस महोत्सव के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह तथा विशेष अतिथि डॉ. वेंकटेश गोस्वामी शामिल होंगे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक तथा नयनाभिराम प्रस्तुतियों का प्रदर्शन किया जाएगा। शाला प्रबंधन तथा शाला प्राचार्य भारती गौते ने पालकों तथा छात्र-छात्राओं से उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

# साल का सबसे ठंडा दिन गुजरा, अब 3 डिग्री चढ़ेगा रात का पारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

उत्तर भारत में हो रही लगातार बर्फबारी और वहां से आने वाली सर्द हवाओं ने पिछले एक पखवाड़े से अंचल का तापमान भी लुढ़का दिया है। लगातार कम होते हुए न्यूनतम पारा 8 डिग्री के करीब पहुंच गया है, दिन में भी तापमान नीचे आया है। हालांकि आज से इसमें राहत मिलने की गुंजाइश और रात के साथ ही दिन के तापमान में भी 3 से 4 डिग्री का इजाफा देखने को मिलेगा।


बढ़ती हुई ठंड का एक असर यह भी देखने को मिल रहा था कि वायरल के चपेट में आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ गई थी। लगातार अस्पताल के ओपीडी में सर्दी-खांसी और बुखार के मरीज पहुंच रहे थे। बच्चों सहित बुजुर्गों में अधिक खतरा दिखाई दिया। वहीं वायरल की चपेट में आने वाले लोग भी पांच से 8 दिन में स्वस्थ हो रहे हैं। इसके अलावा जनजीवन पर भी इसका काफी असर पड़ा है। सुबह से लेकर देर शाम तक लोग अलाव का सहारा लेने मजबूर हैं। शाम के बाद तो घर से निकलने में भी लोगों ने दूरी बना ली है। जिसके चलते भी व्यापार पर असर दिखा है।

हालांकि अब मौसम विभाग के मुताबिक ठंड से कुछ राहत जरूर मिलने वाली है, परन्तु अब भी अगले एक महीने के दरमियान रात का तापमान 12 डिग्री के करीब ही रहेगा। दिन में पारा 28 के करीब पहुंच सकता है। जिससे दिन के समय ठंड से राहत मिलने की संभावना है। इधर ठंड के बढ़ने से स्कूल जाने वाले बच्चों की चिंता भी बढ़ गई है। अब सभी स्कूल शीतकालीन छुट्टियों के बाद ही समय में बदलाव करने का मन बना रहे हैं।

## राजनांदगांव का तापमान 8.7 डिग्री तक लुढ़का, अब इजाफा के संकेत

### बड़े शहरों से भी ठंडा नांदगांव

प्रदेश में ठंड के मामले में राजनांदगांव ने दुर्ग, भिलाई, रायपुर और बिलासपुर जैसे शहरों को भी पीछे छोड़ दिया है। राजनांदगांव में न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री के करीब है। जबकि बाकी बड़े शहरों में यह 10 डिग्री या इससे अधिक ही है। वहीं अविभाजित राजनांदगांव जिले की बात करें तो गंडई, साल्हेवारा और उससे लगे इलाकों में तापमान और नीचे है।



### नमी बढ़ेगी, हवा की बदलेगी दिशा

मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार से ही नमी की मात्रा बढ़ने के संकेत हैं। हवा की दिशा भी धीरे-धीरे परिवर्तित होगी। जिससे न्यूनतम तापमान में वृद्धि का दौर शुरू होगा। दो दिनों में न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि संभव है। वहीं अधिकतम तापमान 2 डिग्री तक बढ़ सकता है। प्रदेश में अगले 5 दिन मौसम शुष्क रहने की संभावना है। विभाग के मुताबिक आज 23 दिसंबर को कुछ जिलों में हल्के बादल हो सकते हैं।

---

**शहर सहित ग्रामीण इलाकों में होती रही दुर्घटनाएं**

# नहीं थम रहे सड़क हादसे: पिछले 3 सालों में इस बार सर्वाधिक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

*“सड़क हादसों में जाने वाली जानें चिंता का नया विषय बन गए है। आंकड़ो की माने तो हर दूसरे दिन जिले में सड़क हादसे में एक मौत हो रही है। तेज रफ्तार वाहन चलाना और नशे में वाहन चलाना इसका सबसे महत्वपूर्ण कारण बनकर सामने आया है। इसके अलावा दो पहियों के दुर्घटना में हो रही मौत के पीछे हेलमेट नहीं पहनना भी बड़ा कारण है। इस बार विभाजित राजनांदगांव जिले में ही उतनी मौत सड़क हादसे में हो गई है, जितनी अब तक अविभाजित जिले में हो रही थी। जो कि चिंता का कारण बन गया है।*

नेशनल हाईवे से लेकर स्टेट हाईवे एवं ग्रामीण सड़कों में चल रहे वर्ष में अब तक की स्थिति में लगभग 381 दुर्घटनाएं हुई। जिसमें 166 लोगों की जहां मौत हुई। वहीं 286 लोग घायल हुए हैं। लगातार बढ़ रहे दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाना पाया गया है।

ज्ञात हो कि शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में वाहनों की संख्या बढ़ी है। वहीं वाहनों का उपयोग करने वाले व चलाने वालों की भी संख्या बढ़ी है। साथ-साथ सड़क दुर्घटनाओं की घटनाएं भी लगातार बढ़ती जा रही है। जिसका प्रमुख कारण यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाना, लापरवाही एवं नशे में वाहन चलाया जाना माना जा रहा है। हालांकि यातायात पुलिस द्वारा निरंतर रूप से लोगों के बीच यातायात नियमों के प्रति जागरूता लाने विविध कार्यक्रमों का आयोजन के अलावा कार्रवाई भी करती है।

**खास बातें**

- इस बार जिले में 166 लोगों की हादसे में हुई मौत
- 286 घायल भी हुए




### पिछले वर्षों की स्थिति

सड़क दुर्घटनाओं की तुलनात्मक दृष्टि से देखे तो अविभाजित जिले में वर्ष 2022 में सड़क दुर्घटनाओं के 493 प्रकरण दर्ज थे। जिसमें लगभग 190 लोगों की मौत हुई थी और 418 लोग घायल हुए थे। इसी तरह वर्ष 2021 में सड़क दुर्घटनाओं के कुल 517 प्रकरण दर्ज किए गए। जिसमें 199 लोगों की मौत हुई और 493 लोग घायल हुए थे।

### जून माह में हुई अधिक दुर्घटना

जिले में हुए सड़क हादसों पर सरसरी नजर डालें तो दुर्घटनाएं न सिर्फ शहरी इलाके में हुई, बल्कि ग्रामीण इलाकों में भी सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। नेशनल हाईवे से लेकर स्टेट हाईवे और ग्रामीण मार्गों में भी सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी है। पुलिस के अनुसार इस वर्ष अब तक की स्थिति में लगभग सड़क दुर्घटनाओं के 381 प्रकरण दर्ज हैं। इन सड़क दुर्घटनाओं में लगभग 166 लोगों की अकाल मृत्यु हो गई। वहीं लगभग 286 लोग घायल हुए हैं। इस वर्ष जनवरी में 49, फरवरी में 36, मार्च में 30, अप्रैल में 29, मई में 36, जून में 50, जुलाई में 34, अगस्त में 26, सितंबर में 17, अक्टूबर में 37 व नवंबर में 37 सड़क दुर्घटनाओं के प्रकरण दर्ज किए गए।

---

# सांसदों के निलंबन पर कांग्रेस का प्रदर्शन

- केन्द्र सरकार पर जमकर बरसे कांग्रेस नेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



संसद के दोनों सदनों से विपक्ष के 142 सांसदों के निलंबन का पूरजोर विरोध करते अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला स्तरीय एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस के नेता केन्द्र सरकार पर जमकर बरसे।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में 22 दिसंबर को दोपहर 12 से 3 बजे तक जयस्तंभ चौक पर अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर धरना-प्रदर्शन का शुभारंभ किया। इस दौरान उपस्थित वक्ताओं ने केन्द्र की मोदी सरकार को आड़े हाथ लेते जमकर बरसे एवं केन्द्र सरकार के अडियल रवैये से दोनों सदनों से विपक्ष के 142 सांसदों के निलंबन को लेकर केन्द्र की भाजपा नीति व मोदी सरकार पर हमला बोला।

धरना प्रदर्शन को पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, पूर्व विधायक छन्नी साहू, महापौर हेमा देशमुख, श्रीकिशन खंडेलवाल, कमलजीत सिंह पिन्टू, पदम कोठारी, पंकज बांधव,


⏩ शेष पेज 12 पर


### बर्खास्त सांसदों को बहाल करें

धरना प्रदर्शन को डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने संबोधित किया। इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि देश की सर्वोच्च संस्था (संसद भवन) में कोई भी अवांछित व्यक्ति प्रवेश कर जाता है, यह सुरक्षा की दृष्टि से काफी सोचनीय विषय है। विपक्षी सांसद इस पर चर्चा करती है तो मोदी सरकार लोकतंत्र से खिलवाड़ करते हुए सांसदों को बर्खास्त करते हैं, यह लोकतंत्र की हत्या है। संविधान के अनुसार लोकतंत्र की व्यवस्था नियमानुसार सदन चलाएं और बर्खास्त सांसदों को बहाल करें।केन्द्र की मोदी सरकार की निंदा करते जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार विपक्ष की बात को दबाने का काम कर रही है। देश की सुरक्षा, महंगाई पर विपक्ष बात करती है तो उनको बर्खास्त का रास्ता दिखाती है। यह केन्द्र की भाजपा सरकार की तानाशाही है, इसका पूराजोर विरोध कांग्रेस करेंगी।

---






# 21 क्विंटल खरीदी...पहले दिन तीन जिलों के छह हजार किसानों ने बेचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले सहित प्रदेशभर में अब किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने का सिलसिला शुरू हो गया है। जिले में शुक्रवार को किसानों से 21 क्विंटल धान लिया गया। हालांकि पहले से टोकन ले चुके किसानों से अब भी 20 क्विंटल धान ही लिया जा रहा है।

समिति प्रबंधकों से मिली जानकारी के अनुसार जिन किसानों ने पहले से टोकन ले लिया था, उनसे 21 क्विंटल खरीदी का आदेश नहीं है। ऐसे में नए टोकन लेने वाले किसानों को ही प्रति एकड़ 21 क्विंटल की सुविधा दी जा रही है।

## नए टोकन पर ही 21 क्विंटल हो रही खरीदी

- राजनांदगांव जिले में 68631 किसान बेच चुके धान
- खैरागढ़ जिले में 36600 और मोहला-मानपुर जिले में 18529 किसन बेच चुके



**उठाव तेज करने की मांग**...इधर 21 क्विंटल खरीदी प्रारंभ होने के साथ ही आवक में भी तेजी आ गई है। अविभाजित राजनांदगांव जिले में रोजाना छह लाख क्विंटल से अधिक धान की आवक है। जबकि उठाव इसके मुकाबले कम धान का हो रहा है। ऐसे में फिर से धान जाम होने की स्थिति निर्मित हो रही है। समिति प्रबंधकों ने अब फिर से उठाव तेज करने की मांग शुरू कर दी है।







## खबर संक्षेप

### कनेरी मंडई 24 को

**टाटेकसा।** ग्राम कनेरी में आगामी 24 दिसंबर को मंडई का आयोजन रखा गया है। रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी घीना का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी पुर्व सरपंच कौशल चंद्रवंशी ने दी।

### कलश का भव्य स्वागत



**डोंगरगढ़।** अयोध्या में श्री राम लला के प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम हेतु निमंत्रण देने पहुंचे कलश को जयस्तंभ चौक स्थित स्थित राम मंदिर में पूजा अर्चना कर स्थापित किया गया। आगामी 24 दिसम्बर को विकासखंड के 11 मंडलो में कलश यात्रा का शुभारंभ होगा। एक जनवरी से 15 जनवरी तक चलने वाले इस अभियान के संयोजक अनिल पांडे एवं आरएसएस प्रमुख प्रकाश यादव, बिसनाथ यादव के मार्गदर्शन में यात्रा का शुभारंभ होगा। कल जयस्तंभ चौक में शाम 6.30 बजे हुनमान भक्त समिति के हनी गुप्ता के नेतृत्व में पहुंचे कलश की अगुवाई कर मंदिर में स्थापित किया गया है। इस मौके पर पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, प्रकाश यादव, अनिल पांडे, बिसनाथ यादव, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, नारायण लाल अग्रवाल, प्रकाश बिंदल, श्याम सुंदर अग्रवाल, ज्योति बडवाइक, अनिल अग्रवाल पीनू, राजेश दम्माणी, हनि गुप्ता सहित अन्य शामिल हुए।

### मौके पर किया समस्याओं का समाधान

**डोंगरगढ़।** वार्ड 20 एवं 21 की जनसमस्याओं के निराकरण के लिए पूर्व विधायक विनोद खांडेकर , सीएमओ कुलदीप झा, पेयजल प्रभारी अखिल खान एवं आरआई श्रवण गभने वार्ड पहुंचे।



वार्ड 20 में बरसो से पानी संकट होने पर नई पाइप लाइन बिछाकर पानी की व्यवस्था, की गई। वहीं टूटी नाली, सडक एवं सफाई कराने की रूपरेखा तैयार किया गया। वार्ड 22 में जाकर नालियों के उपर स्लेप बनाकर बंद करने, पुराने कुंएं के जीर्णोद्वार एवं जर्जर सड़कों की मरम्मत के निर्देश दिए गए। इस दौरान पूर्व पालिका उपाध्यक्ष रामकृष्ण कन्नोजे, तुलसी मिश्रा, अमित जैन, संतु राव अन्ना, नागेन्द्र परिहार, शिवा यादव, मुकुंद कंडरा, रत्नीबाई, शालिनी ताम्रकार, सुमित ताम्रकर सहित अन्य उपस्थित थे।

### भाजपा के फ्लेक्स की चोरी

**डोंगरगढ़।** भाजपा के बधाई फ्लेक्स के अचानक गायब होने से कार्यकर्ताओं में जमकर आक्रोश देखने मिल रहा है। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा मुख्यमंत्री, डिप्टी सीएम एवं



विधानसभा अध्यक्ष को बधाई देने वाले बैनर लगवाए थे जिसे अज्ञात लोग चोरी कर ले गए है। भाजपा ने इस मामले की थाना में शिकायत कर कार्यवाही करने की मांग करने का निर्णय लिया है। सीसी टीवी कैमरे से अज्ञात लोगों द्वारा पोस्टर निकालने पुष्टि भी हुई है। ठेकेदार कन्हैया अग्रवाल ने बताया कि स्वागत होटल के सामने चंद्रगिरि मार्ग पर उन्होंने भाजपा के दो होर्डिंग लगाए थे जिसे अज्ञात चोर निकाल कर ले गए हैं।

### भाषण प्रतियोगिता में साक्षी प्रथम

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय 22 दिसंबर को प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के निर्देशन में गणित विभाग ने राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया। इस मौके पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के चित्र



के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। प्राचार्य डॉ. रेवती ने बताया कि श्रीनिवास रामानुजन के जन्म दिवस को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह घोषणा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने की थी। उन्होंने बताया कि गणित के बिना किसी भी विषय को पढ़ना मुश्किल है। विज्ञान संकाय प्रभारी सोनाली लोया ने गणित का महत्व को बताया। गणित विभाग के लीलाराम देवांगन ने महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन के बारे में बताया। प्रभात कुमार बैंस, भौतिक विभाग के रोशन साहू एवं वासुदेव साहू ने भी अपने विचार रखे। भाषण प्रतियोगिता में साक्षी यादव ने प्रथम एवं कलेश कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संचालन लीलाराम देवांगन एवं आभार प्रदर्शन रोशन साहू ने किया।

### अध्यक्ष बनने की होड़ शुरू

**डोंगरगढ़।** विधानसभा चुनाव में शहर में विपरित परिणाम आने के बाद



ब्लॉक शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजीव गोमास्ता ने अपन पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने शहरी क्षेत्र में कांग्रेस की हार के चलते इस्तीफा दिया है। गोमास्ता के इस्तीफा देने के बाद अध्यक्ष पद के लिए कई नाम सामने आ रहे हैं जिसमें प्रमोद सिंह ठाकुर का नाम प्रमुखता से चर्चा में है। श्री ठाकुर के अलावा शेखर सोनी, संजीव श्रीवास्तव, शिव निषाद, विश्वराज सिंह चौहान, गणेश साहू, संजय यादव के नाम में शामिल है। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही किसी एक के नाम पर मुहर लगेगी।

### परमालकसा में जयंती समारोह 25 को

**सोमनी।** परमालकसा में आगामी 25 दिसंबर को सतनाम धर्म के प्रवर्तक बाबा गुरु घासीदास के जयंती समारोह के साथ मंडई का आयोजन रखा गया है। रात्रि में लोककला नाच पार्टी घीना का कार्यक्रम रखा गया है। आयोजकों ने अंचल के लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। यह जानकारी रामकिसुन साहू ने दी।

### भागवत कथा 30 तक

**जेवरतला रोड।** जेवरतला रोड में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन साहू परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 22 दिसंबर से रखा गया है। प्रवचनकर्ता पं. केशव शर्मा है। पहले दिन कलश यात्रा निकालकर गोकर्ण पूजा किया गया। कल 23 दिसंबर को भागवत कथा प्रारंभ होगी। आगामी 26 दिसंबर को कृष्ण जन्म उत्सव, बाल लीला, दही लूट, 27 को रुखमणी विवाह, 28 को सुदामा चरित्र और 30 दिसंबर को गीता अमृत, तुलसी वर्षा होगी।

## 8 पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन

# जीवन में आया उजियारा, भारत संकल्प यात्रा शिविर बना सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

किसी भी नागरिक की जीवन को सुखद और सुखमय बनाने के लिए जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं की प्रतिपूर्ति आवश्यक है। मूलभूत आवश्यकताओं के बिना जीवन को गति देना संभव नहीं है। इसी उद्देश्य के साथ नागरिकों की आवश्यकताओं को पूरा करने और दैनिक जीवन यापन को सहज बनाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन होने से ग्रामीण जन जीवन में परिवर्तन देखने मिल रहा है। इस यात्रा का सुचारू रूप से संचालन और क्रियान्वयन होने से अनेक नागरिकों के जीवन में छाया अंधियारा छट रहा है, और जीवन में नया उजियारा का उदय हो रहा है।

जानकारी के अनुसार जिले के 8 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर ग्राम पंचायत आतरगॉव, चिखली, माहुद-मचांदुर, सोनसायटोला, कंदाड़ी, हलोरा, मडियानवाड़वी एवं सांगली में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हुए। शिविर में अधिकारियों ने नागरिकों की जरूरत, समस्याओं मांगो को सुनने के साथ ही नियमानुसार कार्यवाही किया। विभिन्न योजनाओं अंतर्गत अनेक हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण, आधार अपडेशन, विश्वकर्मा योजना अंतर्गत पंजीयन किया गया।

### ग्रामीणों को मिल रहा योजनाओं का लाभ



### लोगों ने बताया संस्मरण

विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने मेरी जुबानी मेरी कहानी के माध्यम से अपने जीवन में आए बदलाव की जानकारी दी। एलसीडी प्रोजेक्टर वैन के माध्यम से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीति, योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। माटी कहे पुकार के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से धरती की सुरक्षा करने और जैविक खेती को बढ़ावा देने की प्रस्तुति दी। जिला नोडल अधिकारी हेमंत ठाकुर एवं अन्य अधिकारियों ने हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया। शिविर में सीईओ कंचना वाल्दे, एसडीएम अमित नाथ योगी, सीईओ जनपद मोहम्मद हनीश खान, अंबागढ़ चौकी सीईओ प्रियवंदा रामटेके आदि शामिल हुए।

## ग्रामीणों ने जाना योजनाओं को



**सड़क अतरिया।** केंद्र सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पूर्व विधायक कोमल जंघेल के मुख्य आतिथ्य में ग्राम पंचायत श्यामपुर में शिविर आयोजित किया गया। भारत माता एवं महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। श्री जंघेल ने प्रधानमंत्री के विकसित भारत के सपने से अवगत कराया। उन्होंने जन कल्याणकारी योजना को बताकर लाभ लेने लोगों को प्रेरित किया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग ने शुगर, बीपी जांच कर दवाइयों का वितरण किया। खाद्य विभाग ने बताया कि उज्जवला योजना के तहत 75 लाख नए गैस कनेक्शन दिया जाएगा। कृषि विभाग, राजस्व विभाग, पंचायत विभाग आदि ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ दीपाली जैन, भाजयुमो प्रदेश कार्य समिति सदस्य विक्रांत चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि आशीष जैन, मंडल अध्यक्ष डॉ नेतराम जंघेल, कृष्णकांत महोबिया, भावेश कोचर, किशन सिलोटिया, कमलेश साहू, मानसिंह नेताम, सूरज यादव, ज्ञान सिंह यादव, आनंद सिंह ठाकुर, राधिका भागीरथी सेन, साधना यादव सहित अन्य शामिल हुए।

## जयंती पर निकाली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जेवरतला रोड

ग्राम पिनकापार में सतनाम पंथ के प्रवर्तक बाबा गुरु घासीदास की जयंती श्रद्धा के साथ मनाया गया। समाज के लोगोंने शोभा यात्रा निकाल कर पंथी नृत्य के साथ गली भ्रमण किया। महिलाएं पंथी नृत्य करते हुए शोभायात्रा में शामिल हुई। जैतखाम पर समाज प्रमुख ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में पोसुराम, भूषण मार्कंडेय, रेतनदास, संतोष टंडन, अनिल कुमार, एवन लहरे, बुद्धुराम, जोगीराम, रवि, पीलुराम, रुपेश, राजकुमार, रोहित, जितेंद्र, पालूराम, टेटकु राम, बिरसिंग, राधा लहरे, लाखोबाई, ममता, सुकवारो, प्रेमबती, गीताबाई, विजयकुमारी, उर्मिलाबाई, सुनीता मारकंडे, रेणु मारकंडे, तीजन मारकंडे, बिरझा बाई, किरण बाई, टोमन बाई, झुनी आदि शामिल हुए।

## विचारपुर केन्द्र खरीदी एवं लिकिंग वसूली में आगे

### अगले सप्ताह से होगी 21 क्विंटल धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हुए डेढ़ माह होने बाद भी परिवहन व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो पाई है। सभी उपार्जन केन्द्रों में रोज जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। कुछ केन्द्र ऐसे ही जहां बफर लिमिट से चार गुना धान खरीदी होने के बाद भी नाममात्र धान उठाव हुआ है। केन्द्रों ने लगभग 40 प्रतिशत धान खरीद लिया है जबकि परिवहन पन्द्रह फीसदी हुआ है। केन्द्रों में एक तरफ बंफर धान की आवक बनी हुई है किन्तु लिमिट से तीन गुना अधिक होने से केन्द्र प्रभारियों की परेशानी बढ गई है। केन्द्रों द्वारा लगातार परिवहन की मांग किया जा रहा है पर समस्या जस के तस बनी हुई है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में विचारपुर उपार्जन केन्द्र क्षेत्र के अन्य केन्द्रों से आगे है। यहां 595 किसानों से 35965 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है। इसी प्रकार ठाकुरटोला में 29460, कुकुरमुड़ा अतरिया में 25388, मोहगांव में 19149, पैलीमेटा में 8962 क्विंटल धान खरीदी हो चुकी है।



### घोषणा पर अमल अगले हफ्ते से

भाजपा ने चुनाव में किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी की घोषणा किया था जिस पर अमल शुरू हो गया है किन्तु पहले दो दिन में किसी भी केन्द्र में नई लिमिट से खरीदी नही हो पाई है क्योंकि धान बेचने पहुंचे किसान पहले से टोकन ले रखे थे। आनलाईन पर 21 क्विंटल का अपडेट गुरुवार से हुआ है। अब अगले सप्ताह किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदा जाएगा।

### विचारपुर ऋण वसूली में आगे

लिंकिंग वसुली में भी विचारपुर उपार्जन केन्द्र आगे है। यहां 595 किसानों से 3 करोड़ 55 लाख 14 हजार 681 रुपए ऋण वसूल हो चुका है। इसी प्रकार कुकुरमुड़ा अतरिया में 2 करोड़ 30 लाख 32 हजार 782, ठाकुरटोला में 2 करोड़ 30 लाख 79 हजार 208, मोहगांव में 1 करोड़ 53 लाख 36 हजार 101 तथा पैलीमेटा में 94 लाख 5299 रुपए की वसूली हो गई है। धान उपार्जन केन्द्र ठाकुरटोला में सबसे अधिक धान का स्टाक रखा हुआ है। यहां 24330 क्विंटल धान का स्टाक जमा हो गया है। इसी प्रकार विचारपुर में 18395, मोहगांव में 16179, कुकुरमुड़ा अतरिया में 9402 तथा पैलीमेटा में 8042 क्विंटल धान का स्टाक है।

## विद्यार्थी बने दूसरों के लिए रोल माडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र छुईखदान में प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 संकल्प को गति देने के लिए विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एसडीएम रेणुका रात्रे थी। अध्यक्षता अधिष्ठाता डॉ. एके गुप्ता ने की। कार्यक्रम के प्रथम दिवस छात्र-छात्राओं के लिए रंगोली, पोस्टर, वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दूसरे दिन विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी में छात्र-छात्राओं ने विकसित भारत में कृषि-शिक्षा, अनुसंधान, प्रसार एवं विकास विषय पर अपने विचार रखे।

अध्यक्षता कर रहे अधिष्ठाता डॉ. गुप्ता ने छात्राओं को रोल मॉडल बनने प्रेरित किया। उन्होंने मोबाईल से परे होकर कैसे कार्य करने तथा दूसरो को भी रोजगार देने वाले तरीको को अपनाने प्रेरित किया। मुख्य अतिथि श्रीमती रात्रे ने प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना आदि के बारे में अवगत कराया। डॉ. बीएस असाटी ने बताया कि लक्ष्य को पूरा करने के लिए अनुशासन बनाए रखने से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है। राजेश्वरी कुर्रे ने बताया कि विकसित भारत के लक्ष्य के लिए 24 घंटे काम करना अनिवार्य है।संचालन डॉ. प्रज्ञा पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में डॉ. ओपी सोनवानी, डॉ. परमेश्वर साहू, डॉ. उत्तम कुमार, डॉ. चेतना, डॉ. पंकज भार्गव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। अधिष्ठाता ने विकसित भारत की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में डॉ. सेवक ढेंगे, डॉ. सेवन दास, रायसेन पाल, कोमल प्रसाद गांवरे, सुनिल, जलेश्वरी, पूर्णिमा सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. परमेश्वर साहू ने किया।



### स्पर्धा में प्राथमिक शाला मार्री विजेता



**अंबागढ़ चौकी।** मार्री में संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष लगनूराम चंद्रवशी थे। स्पर्धा में पांच प्राथमिक एवं एक माध्यमिक शाला के बच्चे खो-खो, कबड्डी, गोला फेंक, बोरा दौड़, रस्सीकूद,चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़ लम्बी कूद में शामिल हुए। प्राथमिक शाला मार्री के बच्चो दवारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब हासिल किया। इन बच्चों ने खो - खो बालक में प्रथम, कबड्डी बालक प्रथम, लम्बी कूद में प्रथम स्थान हासिल किया। सभी बच्चों को प्रधान पाठक एवं शिक्षकों ने बधाई दी है।

### खेल स्पर्धा का आयोजन



**अंबागढ़ चौकी।** लाताकोड़ो में दो दिवसीय जोन स्तरीय बाल कीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया। समापन कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष रीतेश मेश्राम मुख्य अतिथि थे। विशेष अतिथि उदेराम साहू, विकास लाऊत्रे थे। कांग्रेस नेताओं के गांव पहुंचने पर ग्रामवासियों ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर श्री मेश्राम ने कहा कि खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। सभी को अनुशासन में रहते हुए माता पिता और गुरु के बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए ताकि अच्छे लक्ष्य को पा सके।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन | पर्सनल लोन | होम लोन | कार लोन | मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
जड़ से इलाज
9406004581
7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**

### जिले में 16771 प्रमं आवास का निर्माण पूरा

**खैरागढ़।** जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सुचारू क्रियांवयन कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। जिले में योजना अंतर्गत वर्ष 16-17 से 22-23 तक 19 हजार 52 आवासों की स्वीकृति हुई है। जिसमें 19 हजार 30 को पहली किश्त, 18 हजार 412 को दूसरी किश्त, 17 हजार 513 को तीसरी और 8614 को चौथे किश्त की राशि भुगतान हो गया है। सभी जनपद पंचायतों के अधिकारियों को बैठक मे अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूरा करने और शेष किश्त की राशि हितग्राहियों को भुगतान करने कलेक्टर गोपाल वर्मा ने निर्देश दिया है जिसके बाद आवास निर्माण का काम तेज गति से शुरू हो गया है। प्रमं आवास योजना नोडल अधिकारी सुमित परिहार ने बताया कि योजनांतर्गत जिले के ग्रामीण क्षेत्रो में 2281 हितग्राहियों का आवास बनना शेष है। खैरागढ़ जनपद अंतर्गत 9445 और छुईखदान जनपद अतंर्गत 7431 आवास बन गए है। प्रमं आवास योजना ग्रामीण 16-17 में सामाजिक व आर्थिक जनगणना 2011 के तहत आने वाले पात्र परिवारों को पक्का मकान मुहैया कराने के मकसद से शुरू किया गया था। योजनांतर्गत हितग्राही को कुल राशि 1 लाख 20 हजार चार किश्तों में सीधे बैंक खाते मे ट्रांसफर किया जाता है।

### केन्द्र की मोदी सरकार को जमकर कोसा

# सांसदों के निलंबन से नाराज कांग्रेसियों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

संसद भवन में सुरक्षा में चूक को लेकर विरोध करने वाले सासंदों के निलंबन के खिलाफ कांग्रेस ने देशभर में प्रदर्शन किया। इसी कड़ी में अंबेडकर चौक में भी जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन कर एसडीएम कार्यालय में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने संसद के दोनों सदनों से 146 सांसदों को निलंबित कर दिया। लोकतंत्र के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। लोकतंत्र के सिद्धांतों के विपरीत केंद्र सरकार विपक्ष के आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने इसे मोदी सरकार का तानाशाही कदम बताते हुए जमकर हल्ला बोला। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि नीलांबर वर्मा, प्रदेश कांग्रेस सचिव नीलेंद्र शर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष भीखमचंद्र छाजेड, ब्लाक अध्यक्ष आकाशदीप सिंह, छुईखदान जनपद अध्यक्ष नीना विनोद ताम्रकार, मनराखन देवांगन, पार्षद दीपक देवांगन, पुरूषोत्तम वर्मा, दिलीप लहरे, राधे पटेल, समीर कुरैशी, संत निषाद, दयालू वर्मा, दुर्गेश साहू, कोमल वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।



**लोकतंत्र का बनाया मजाक**

जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे ने कहा कि मोदी सरकार ने लोकतंत्र को मजाक बना दिया है। संवैधानिक पदों पर बैठे जिम्मेदार द्वारा विपक्ष का मुंह बंद कराया जाता है और विरोध दर्ज करने पर निलंबन कर दिया जाता है। डोंगरगढ़ के पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने कहा कि सांसदो सहित पूरे देशवासियों को सुरक्षा मे चूक जानने का अधिकार है, लेकिन उनकी आवाज दबाने उन्हें निलंबित किया जा रहा है। विपक्ष से बिना बहस किए कानून पारित कराने मोदी सरकार आसंदी का उपयोग कर रही है। गौरतलब है कि संसद में सुरक्षा चूक पर विपक्षी सांसद पीएम मोदी और अमित शाह से बयान देने की मांग रहे है। हंगामे के चलते 14 से 21 दिसंबर तक लोकसभा और राज्यसभा से 146 सांसद सस्पेंड हुए इसमें सबसे ज्यादा कांग्रेस के 61 सांसद जिनमें लोकसभा से 44, राज्यसभा से 17 सदस्य शामिल है। आजादी के बाद पहली बार एक ही दिन में इतने सांसद निलंबित किए गए हैं। इससे पहले 1989 में राजीव सरकार में 63 सांसद निलंबित किए गए थे। इस दौरान कांग्रेसियों ने केंद्र की मोदी सरकार को जमकर घेरा और तानाशाह बताया।

# किसानों को मिलेगी दो साल की पुरानी धान बोनस राशि

### प्रति क्विंटल 300 के हिसाब से मिलेगा 70 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पूर्व पीएम भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस सोमवार 25 दिसम्बर को जिले के किसानों को खरीफ वर्ष 14-15 और 15-16 न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के लंबित बोनस को लेकर प्रमाण पत्र का वितरण किया जाएगा।

मुख्य सचिव अमिताभ जैन के साथ आयोजित वर्चुअल बैठक बाद कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि नई राज्य सरकार का यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। दोनों ब्लाक में कार्यक्रम आयोजित कर किसानों को बोनस प्रमाण पत्र वितरित किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था किया जाए ताकि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का किसान वर्चुअल सम्बोधन सुन सके।

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि 25 दिसंबर को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक खुला रखना होगा ताकि बोनस राशि का किसान उसी दिन आहरण करना चाहे तो कर सकते है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने संबंधित अधिकारियों को सुशासन दिवस की तैयारी को लेकर मंच, बैनर, आमंत्रण पत्र, सहित सभी व्यवस्था समय रहते पूरा करने कहा।



**49390 किसानों को मिलेगा बोनस**

जानकारी अनुसार खरीफ वर्ष 14-15 के 26 हजार 857 किसानों को 39 करोड़ 85 लाख 57 हजार रूपए और खरीफ वर्ष 15-16 के 22 हजार 533 किसान 30 करोड़ 15 लाख 64 हजार रूपयो का बोनस पाएंगे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले के सभी ग्राम पंचायतों में पूर्व से निर्मित अटल चौक की साफ-सफाई करने कहा वही उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा का नियमानुसार पोर्टल में एंट्री करने को कहा। बैठक में जिला खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक, सहायक पंजीयक रघुराज सिंह, डीएमओ चन्द्रपाल ढीवान, नोडल सीसीबी आलोक शर्मा, उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी, एपीओ प्रकाश तारम, नीलिमा ठक्कर नान जिला प्रबंधक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## अमलीपारा से प्राचीन श्रीराम मंदिर तक निकलेगी विशाल कलश यात्रा 24 को

**खैरागढ़।** श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अभियान तहत प्राप्त अक्षत कलशों की यात्रा रविवार 24 दिसंबर को श्री राम मंदिर अमलीपारा से प्राचीन श्री राम मंदिर टिकरापारा तक निकाली जाएगी। जहां से कलशों को 17 खंडों व 5 बस्तियों में वितरण हेतु सौंपा जाएगा। गुरुवार को राजनांदगांव गुरुद्वारे से अक्षत कलशों को शहर लाकर अमलीपारा राम मंदिर में रखा गया है। 24 दिसंबर को निकलने वाली कलश यात्रा अमलीपारा से निकलकर किल्लापारा, इतवारी बाजार, बक्शी मार्ग, गोलबाजार, मस्जिद लाइन होते हुए टिकरापारा पहुंचेगी। जहां पहुंचने पर श्री राम मंदिर ट्रस्ट समिति के सदस्य व आम जन कलश का स्वागत करेंगें। जिसके बाद इन कलशों को विभिन्न खंडों और बस्तियों को सौंप दिया जाएगा। जिसके बाद घर-घर तक अक्षत व आमंत्रण पहुंचाया जाएगा। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्तियां शामिल होंगीं, जिसके लिए बैठकों का दौर जारी है। ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्र की महिलाएं विशाल कलश यात्रा में शामिल होंगीं जिनके लिए कलश की व्यवस्था भी की जा रही है। यात्रा के पूर्व वार्डों, गांवों व मुहल्लों में प्रभात फेरी निकालकर राम नाम जाप साथ भजन कीर्तन किया जाएगा। जिसके लिए प्रभारियों की नियुक्ति की गई है।



## शोध पत्रिका कला-वैभव का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इंदिरा कला संगीत विवि के प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग द्वारा प्रकाशित शोध पत्रिका कला-वैभव का कुलपति पद्मश्री डॉ. ममता चंद्राकर ने विमोचन किया। कुलपति डॉ. चंद्राकर ने कला-वैभव के संपादक-मंडल और लेखकों को बधाई और शुभकामना दीं। कुलसचिव प्रो.डॉ. नीता गहरवार, अधिष्ठाता प्रो.डॉ. काशीनाथ तिवारी की विशेष उपस्थिति में संपन्न विमोचन कार्यक्रम में पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ. मंगलानंद झा ने कला-वैभव शोध पत्रिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कुलपति पद्मश्री डॉ. चंद्राकर ने कहा कि किताबें पहले भी प्रकाशित होती रही है और आमतौर पर किताबें हमेशा अच्छी ही होती हैं, लेकिन कला वैभव पत्रिका में कलात्मकता की झलक इसे विशिष्ट बना रही है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह शोध पत्रिका जन-जन तक पहुंचेगी और अध्ययन-अध्यापन में संलग्न विद्वानों का बौद्धिक मार्ग प्रशस्त करेगी। प्रधान संपादक डॉ. मंगलानंद झा ने कहा कि यह पत्रिका नैक की केयर लिस्ट में सूचीबद्ध है। इसके लिए देश के विभिन्न प्रदेशों से प्राप्त शोध लेखों का परीक्षण किया जाता है। परीक्षण के बाद चयनित शोध आलेखों को इसमें स्थान दिया जाता है। उन्होंने कुलपति, कुलसचिव, संपादक मंडल, लेखकों समेत पत्रिका के प्रकाशन में सहयोगी सभी के प्रति आभार प्रकट किया है। इस दौरान चैन सिंह नागवंशी, मुकेश भट्ट समेत विवि के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



## जिला सलाहकार स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित

### सेंटर्स का निरीक्षण और संचालन करें सुनिश्चित


**खैरागढ़।** कलेक्टर गोपाल वर्मा की अध्यक्षता में प्रसव पूर्व निदान तकनिक लिंग चयन प्रतिषेध नियम 1996 के अनुसार स्वास्थ्य विभाग की प्रथम जिला सलाहकार समिति की बैठक कलेक्टर ने जिले में संचालित सोनोग्राफी सेंटर्स के नियमानुसार संचालन का निर्देश दिया। जिला सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर गोपाल वर्मा ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के सभी सोनोग्राफी सेंटर्स का निरीक्षण करें और नियमित संचालन सुनिश्चित करें। विभाग की ओर से बैठक में जानकारी दी गई कि प्रसव पूर्व निदान के तहत नया लाईसेंस जारी करने सहमति बनी साथ ही प्रसव में मेल/फीमेल का दर पिछले माह तक का रिपोर्ट 1601 मेल तथा 1599 फीमेल बच्चों का रेसियो रहा। प्रति 1 हजार में औसत दर जिले का 997.5 रहा। समस्त सोनोग्राफी का नियमित जांच को लेकर बैठक मे सहमति बनी ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि प्रसवपूर्व निदान मे न हो और मरीजों को सुलभ व आसानी से रिपोर्ट मिल जाए। बैठक में रेडियोलॉजिस्ट द्वारा ही सोनोग्राफी हो रहा है इसका विशेष ध्यान रखने पर सहमति बनी। बैठक मे समिति सदस्य डॉ. यूएस चंद्रवंशी के स्थान पर डॉ. मंडावी कम्हान एमडी को सदस्य मनोनित किया गया। पीसीपी एनडीटी अंतर्गत नियमानुसार लाईसेंस जारी करने और प्रसव पूर्व निदान के नियमों का नियमित पालन करने का प्रस्ताव पारित हुआ। बैठक में सीएचएमओ डॉ. विवेक बिसेन, जिला नोडल डॉ. बोधन पर्ते, डॉ. प्रशांत झा और सुबोधकांत पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## वनांचल में शीघ्र पूरा होगा सड़क चौड़ीकरण का काम

- शेरपार से कोहका तक चल रहा चौड़ीकरण 70 फीसदी पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानपुर

नेशनल हाईवे में शेरपार से कोहका तक चल रहे चौड़ीकरण का काम लगभग 70 फीसदी पूर्ण हो गया है। पिछले लंबे समय से चौड़ीकरण की आस लगाए बैठे लोगों को अब शीघ्र ही इसकी सौगात मिल जाएगी। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 930 का उन्नयन एवं चौड़ीकरण निर्माण कार्य मेसर्स कन्हैयालाल अग्रवाल प्रा. लि. जिला कबीरधाम को मिला है। शेरपार से कोहका तक नियमतः मापदंड के अनुसार निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार शेरपार से शिवलोक मंदिर मानपुर तक पूर्ण रूप गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए डामरीकरण का कार्य चल रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग ने चिन्हांकित जगहों पर पुल-पुलिया तथा नाली निर्माण का कार्य बहुत तेजी से चल रहा है। शिवलोक मंदिर से आगे कोहका तक मिट्टी तथा मुरूम का कार्य भी तेज गति से प्रारंभ है।

राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण एजेंसी द्वारा आम नागरिकगण, ग्रामवासियों, क्षेत्रवासियों के आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इस पर ध्यान रखते निर्माण कार्य कराया जा रहा है। क्षेत्रवासियों को अपने बहुप्रतिक्षित मांग के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग के उन्नयन तथा चौड़ीकरण एवं चमचमातीदार सड़क निर्माण कार्य तेज गति से होते देखकर हर्ष व्याप्त है, जिस गति में राष्ट्रीय राजमार्ग 930 का रोड, पुल-पुलिया, नाली निर्माण का कार्य चल रहा। निश्चत रूप निर्धारित समयावधि तक कार्य पूर्ण होने की संभावना है।

## गौमाता की सेवा, कलयुग में सच्ची सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

चिखलदाह में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के पांचेव दिन आचार्य झम्मन शास्त्री ने भक्ति मार्ग और गौ माता की सेवा का महत्व बताया। इस दौरान कथा पंडाल में वृंदावन धाम का निर्माण कर में नंद उत्सव भी धूमधाम से मनाया गया जहां बच्चों ने दही और मक्खन लूटा, महिला और पुरुषों ने प्रभु के जन्म अवसर पर नाच कर भक्ति रस पाने का प्रयास किया।



झम्मन शास्त्री ने कहा कि राजा ऐसा होना चाहिए जिससे राज्य सुख शांति और भय मुक्त जीवन व्यतीत करें। ऐसे राजाओं को स्वर्ग में जगह मिलता है, लेकिन भारत के अनेक राजाओं ने अपनी कार्यप्रणाली ऐसी रखी कि इंद्रदेव को भी अपनी गद्दी उनके लिए समय-समय पर त्यागना पड़ा। आज लोकतंत्र के राजा सत्तासीन होने के बाद गद्दी बचाने तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं, ऐसे लोगों को तो स्वर्ग क्या नरक में भी जगह नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि यदि लोग गौ माता का संरक्षण नहीं करेंगे तो मानकर चलिए गाय की विलुप्ता मानव समाज को निगल जाएगी, जो लोग गौ माता का आदर करते हैं सेवा करते हैं, उनके घर भगवान स्वयं पुत्र बनकर अवतरित होते हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण नंद बाबा है। राज धर्म के बारे में बताते हुए आचार्य झम्मन शास्त्री ने कहा कि भक्ति मार्ग और गौ माता की सेवा का बड़ा महत्व है।

कथा पंडाल में धनिया से निर्मित श्री कृष्ण का प्रिय प्रसाद पंजीरी, पंचामृत, माखन मिश्री का प्रसाद बांटा गया। कथा आयोजक बद्री विशाल सिंह, ध्रुव सिंह ठाकुर, उत्तम सिंह ठाकुर, संजीव सिंह ठाकुर, प्रशांत सिंह ठाकुर सहित पूरे परिवार व परिजनों सहित श्रद्धालुओं द्वारा महाआरती की गई।

### स्पर्धा में 200 बच्चों ने विभिन्न विधाओं में बेहतर खेल का किया प्रदर्शन

# पिपरिया संकुल में बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में कोहकाबोड़ प्राथ. शाला ओवर आल चैंपियन बना

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के कोहकाबोड़ शाला परिसर में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा स्पर्धा में 200 प्रतिभागी बच्चों ने विभिन्न विधाओं में बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। डीईओ कार्यालय के निर्देशानुसार संकुल स्तरीय स्पर्धा में पिपरिया संकुल अंतर्गत आने वाले 8 शालाओं के बच्चों के बीच खेल स्पर्धा का शुभारंभ सरपंच क्षिप्रा सिंह, उप सरपंच पांचोबाई यदु, हर्ष बहादुर सिंह, एसएमसी अध्यक्ष हीरा यदु, हिरण वर्मा, नारद वर्मा, जागेश वर्मा, महेंद्र साहू की उपस्थिति में माता सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण साथ हुआ। प्राथमिक स्तर पर बालक, बालिका दोनों वर्गों में अ वर्ग में पहली से तीसरी कक्षा के बच्चों के बीच 80 और 100 मीटर दौड़, सुरीली कुर्सी, आलू दौड़, सुई धागा दौड़, गोली चम्मच दौड़, लंबी कूद व सामूहिक खेल में रिले रेस, कबड्डी, खोखो का आयोजन हुआ। स्पर्धा के बालक वर्ग अ में ओवर ऑल प्राशा कोहकाबोड़ प्रथम, प्राशा पिपरिया द्वितीय, ब वर्ग में ओवरऑल प्राशा कोहकाबोड़ प्रथम, प्राशा नवीन पिपरिया द्वितीय, इसी प्रकार बालिका अ वर्ग में ओवरऑल प्राशा नवीन पिपरिया प्रथम, प्राशा कोहकाबोड़ द्वितीय, ब वर्ग बालिका में ओवरऑल प्राशा दिलीपपुर प्रथम, प्राशा पिपरिया को द्वितीय स्थान मिला। सामूहिक खेलों में ओवरऑल प्राशा कोहकाबोड़ प्रथम और प्राशा नवीन पिपरिया द्वितीय स्थान पर रहा।



**गोला और तवा फेंक मे आजमाया हाथ**

माध्यमिक वर्ग की स्पर्धा जिसमें चौथी, पांचवीं कक्षा के बच्चे शामिल थे उनके बीच भी खेल दो स्तर अ और ब में दो वर्गों बालक व बालिका में आयोजित किया गया, जिसमे 100, 200, 400 और 600 मीटर दौड़, तवा फेंक, गोला फेंक, लंबी कूद व सामूहिक खेलों में रिले रेस, कबड्डी, खोखो व योगा का आयोजन किया गया, जिसमे अ वर्ग बालक में ओवरऑल पूमाशा दिलीपपुर प्रथम, पूमाशा कोहकाबोड़ द्वितीय, ब वर्ग बालक में ओवरऑल पूताशा पिपरिया प्रथम, पूमाशा दिलीपपुर द्वितीय, अ वर्ग बालिका में ओवरऑल पूमाशा पिपरिया प्रथम, पूमाशा कोहकाबोड़ द्वितीय, ब वर्ग बालिका में ओवरऑल पूमाशा कोहकाबोड़ प्रथम व पूमाशा पिपरिया द्वितीय स्थान पर रहे, सामूहिक खेलों में ओवरऑल पूमाशा कोहकाबोड़ प्रथम व पूमाशा पिपरिया द्वितीय स्थान पर रहे। स्पर्धा के सफल आयोजन में पिपरिया संकुल समंवयक पिपरिया तोपचन्द वर्मा, प्रभारी प्रपा गीता गहरवार, प्रपा लक्ष्मी कर्महे, रेखा वर्मा, अनुराधा सिंह, गिरिजा निषाद, हारमनी साहू, प्रपा संजू बिसेन, प्रपा गोपेश्वरी साहू, प्रपा चंद्रकिरण ठाकुर, प्रपा ज्ञानेश्वर यादव, प्रपा रत्नमाला श्रीवास्तव, शिक्षिका ज्योति केहरी, अंशु आर्या, शिक्षक लालचंद वर्मा, महावीर वर्मा, संतोष जोशी, नूतन खेलवारे, कोमल चंद कोठारी, सफाई कर्मी अनूप भोंडेकर, लोकेश वर्मा व जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान के छात्राध्यापकों का योगदान रहा।

## महोत्सव में बिखरी पंथी नृत्य की छंटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बाबा गुरु घासीदास जयंती अवसर पर आयोजित गुरु घासीदास लोककला महोत्सव में प्रदर्शित आकर्षक पंथी नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। सांस्कृतिक भवन में जिला स्तरीय पंथी नृत्य स्पर्धा में विभिन्न गांवों के पंथी दलों ने शानदार प्रदर्शन किया।

विधायक यशोदा वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित स्पर्धा का शुभारंभ करते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि गुरु घासीदास ने समाज के लिए एक आदर्श पथ प्रशस्त किया है, जिसमें सत्य, समानता और समरसता का संदेश है। उन्होंने पंथी नृत्य के माध्यम से इस पथ को जीवंत रखने वाले प्रतिभागियों की सराहना कर बधाई दी। आयोजन को लेकर कहा कि गुरु घासीदास लोककला महोत्सव का उद्देश्य प्रदेश की लोक कलाओं का संरक्षण और संवर्धन है।




**पंथी नृत्य अमूल्य विरासत है : यशोदा**

विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा ने पंथी नृत्य को एक अनमोल विरासत बताते हुए कहा कि इससे हमें गुरु घासीदास की शिक्षाओं का ज्ञान होता है। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी नर्तकों को शुभकामना दी और आत्मविश्वास बढ़ाया। जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि पंथी नृत्य छत्तीसगढ़ की पहचान है और इसे आगे बढ़ाने का कार्य हम सबका है। उन्होंने प्रतियोगिता के आयोजकों और सहयोगियों को बधाई देकर उनका आभार व्यक्त किया। स्पर्धा में शामिल नर्तकों ने सफेद धोती, कमरबंद, घुंघरू पहनकर मृदंग और झांझ की लय पर आंगिक चेष्टाओं के साथ नृत्य शैली का प्रदर्शन किया जिसमे बाबा घासीदास का जीवन चरित्र, उनके आध्यात्मिक संदेश और भक्ति की अभिव्यक्ति शामिल थी। समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिपं सभापति विप्लव साहू, जनपद अध्यक्ष नीना विनोद ताम्रकार, विजय वर्मा, विनोद ताम्रकार, जिला सतनामी समाज अध्यक्ष खुमान देशलहरे और प्रशासन की ओर से अपर कलेक्टर डीएस राजपूत, डिप्टी कलेक्टर टंकेश्वर प्रसाद साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सार समाचार

### आयुक्त ने लिया रात्रि में विद्युत व्यवस्था का जायजा



**राजनांदगांव।** नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता कल रात्रि निगम के तकनीकी अधिकारियों के साथ शहर में विद्युत व्यवस्था का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त गुप्ता जीई रोड, रामदरबार, महावीर चौक, चिखली, आम्बेडकर चौक, कमला कॉलेज चौक, महामाया चौक, नंदई, गंज चौक आदि क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था का जायजा लेकर खंभो में लाईट एवं रोप लाईट देखा। उन्होंने कहा कि विद्युत व्यवस्था और दुरूस्त किया जाए, जहां-जहां लाईटे कम या खराब है, उसे ठीक किया जाए, जो रोप लाईट खराब है, उसे भी ठीक किया जाए, बंद लाईटे तत्काल मरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ठंड में रात्रि के समय जल्द ही लोगों का आवागमन कम हो जाता है, जिसे ध्यान में रखते रात्रि में किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो, इसके मद्देनजर सभी खंभो की लाईटे चालू हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

### कांकेतरा में ऊर्जा संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम संपन्न





**राजनांदगांव।** शासकीय प्राथमिक शाला कांकेतरा में क्रेडा राजनांदगांव द्वारा ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता कार्यकम का आयोजन किया गया। इसके तहत शाला के बच्चों ने रंगोली एवं चित्रकारी के माध्यम से ऊर्जा का संरक्षण कैसे करें, विषय पर कार्य किया। बच्चों ने कार्यकम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर क्रेडा के प्रोजेक्ट को-आर्डिनेटर मेघराज साहू ने बच्चों द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा करते विजेता और प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने सौर ऊर्जा का संक्षण कैसे करें, विषय पर बच्चों से चर्चा की तथा ऊर्जा के उपयोग के विषय में भी बताया। कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार मेघराज साहू के हाथों वितरित किया गया। विजेताओं में रोशिका धनकर, राधा साहू, रानी साहू, जस्मिन, देवकुमारी, रीना, कृति तृप्ति साहू, सेजल साहू, भीमेश यदु, नागेश देवांगन, भव्य साहू, अर्पित, भारती, राहुल देवांगन, विनय यादव को प्रशस्ति पत्र के साथ गिफ्टपेक पुरस्कार भी दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला के कृपा कुमार साहू, पुनीत साहू, भीमेश्वर साहू का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने प्रधानपाठक ईश्वर मेश्राम के मार्गदर्शन में कार्य किया। कार्यक्रम का संचालन भीमेश्वर साहू व आभार प्रदर्शन ईश्वर मेश्राम प्रधानपाठक द्वारा किया गया।

### लेबर कॉलोनी में सामुहिक सुंदरकांड का आयोजन

**राजनांदगांव।** लेबर कॉलोनी वार्ड नं. 16 की महिला समिति द्वारा दशहरा मैदान में सामुहिक सुंदरकांड का सामुहिक पाठ का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन लेबर कॉलोनी की महिला समिति द्वारा किया जा रहा है। महिला समिति की संगीता आदित्य मिश्रा ने बताया कि इससे पूर्व भी वार्ड में महिला समिति द्वारा रामनवमी उत्सव एवं दशहरा पर्व का आयोजन किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि सामुहिक सुंदरकांड के पाठ में राजनांदगांव की प्रसिद्ध भजन मंडली हरि सत्संग मंडली द्वारा विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। जिसमें सुंदरकांड के पाठ सहित भजन एवं भगवान श्रीरामचंद्र की आरती भी होगी। महिला समिति द्वारा नगरवासियों से इस कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है। उक्त जानकारी संगीता अदित्य मिश्रा द्वारा दी गई।

### भूमि, अंशुल व रितेश का स्कूल नेशनल गेम्स के लिए चयन

**राजनांदगांव।** राजस्थान बिकानेर 25 से 30 दिसंबर तक 67वीं नेशनल



स्कूल गेम्स भारोत्तोलन (वेटलिफ्टिंग) अंडर-19 बालक एवं बालिका चैम्पियनशिप 2023-24 प्रतियोगिता के लिए जय भवानी व्यायाम शाला में अभ्यासरत व विभिन्न स्कूलों में अध्ययनरत भूमि सिंह 71 किग्रा वर्ग समूह, अंशुल सोनवानी 76 किग्रा वर्ग समूह व बालक वर्ग में 81 किग्रा वर्ग समूह में रितेश यादव का चयन हुआ है। जिला भारोत्तोलन वेटलिफ्टिंग संघ व जय भवानी व्यायाम शाला के संचालक अमित आजमानी ने बताया कि यह सभी खिलाड़ी जय भवानी व्यायाम शाला के वेटलिफ्टिंग एनआईएस कोच अजय लोहार के मार्गदर्शन में अभ्यासरत हैं। यह सभी खिलाड़ियों का चयन पूर्व में हुए स्कूल राज्य स्तरीय खेल के आधार पर अच्छा प्रदर्शन करने का हुआ है। उक्त सभी खिलाड़ियों के चयन होने पर जय भवानी व्यायाम शाला व जिला वेटलिफ्टिंग संघ के संरक्षक, अध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, प्रशिक्षक व्यायाम शाला व संघ के सदस्यों एवं खिलाड़ियों ने बधाई दी। उक्त जानकारी अशोक श्रीवास ने दी।

### सराफा व्यापारी के गाड़ी में फायरिंग

**मोहला।** गुरुवार देर शाम अज्ञात बदमाशों ने पाटन थाना क्षेत्र व चिल्हाटी थाना क्षेत्र के बीच गोली चला दी। एक सराफा व्यापारी से लूटपाट की कोशिश की गई। चलती कार पर बदमाशों ने गोली मार दी और मौके से फरार हो गए। जिसके बाद सराफा व्यापारी नजदीकी थाना चिल्हाटी में जाकर शिकायत दर्ज कराई। मामला नक्सल क्षेत्र होने की वजह से पुलिस हर एंगल से जांच पड़ताल कर रही है। अंबागढ़ चौकी निवासी सुरेश सोनी व उनके एक साथी साप्ताहिक बाजार वासड़ी से बाजार कर अपने घर लौट रहे थे। इसी दरमियान टाटेकसा जंगल के पास कुछ अज्ञात लोगों ने चलती कार पर गोली चला दी, जो दरवाजे के आर-पार निकल गई। वहां बैठे सराफा व्यापारी व साथ में बैठे साथी बाल-बाल बच गए। घटना आपसी रंजिश या लूट की है या फिर नक्सल वारदात सभी एंगल से पुलिस सूक्ष्मता से जांच कर रही है।

## शहर में अलाव की भी सुविधा

# ठंड से बचाने जरूरतमंदों को गर्म कपड़ों का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नगरीय निकाय क्षेत्रों में समाज के कमजोर, बेघर व जरूरतमंद लोगों को ठंड व शीत लहर से बचाने निगम सीमाक्षेत्र में अनेक स्थानों पर अलाव जलाया जा रहा है और कल रात्रि नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता अधिकारियों के साथ पुराना विश्राम गृह के पास स्थित रैनबसेरा तथा फ्लाई ओवर के नीचे, अस्थाई रूप से निवासरत लोगों को कम्बल का वितरण किया और उन्हें रैनबसेरा में रहने समझाईस दी।

आयुक्त गुप्ता ने बताया कि बढ़ते ठंड एवं शीतलहर को ध्यान में रखते समाज के गरीब, बेघर लोगों व जरूरतमंदों को कम्बल एवं अन्य आवश्यक कपड़े उपलब्ध कराने की कडी में रात्रि में फ्लाई ओवर के नीचे व रैनबसेरा में रहने वाले लोगों को कंबल का वितरण किया गया। इसके अलावा नगर निगम द्वारा नगर के निर्धनों एवं श्रमिकजनों को कड़ाके की ठंड से बचाने पोस्ट आफिस चौक, मेडिकल कॉलेज पेंड्री, पुराना बस स्टैंड, नंदई, इमाम चौक, जयस्तम्भ चौक एवं चिखली देशमुख होटल के पास अलाव जलाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि बढ़ते ठंड को देखते कमजोर बेघरों को आवश्यक सुविधा मुहैया कराई जा रही है। फ्लाई ओवर के नीचे निवासरत लोगों को रैनबसेरा में रहने समझाईस दी जा रही है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते कहा कि ठंड को ध्यान में रखते अनावश्यक घर से बाहर न निकले, जरूरी कार्यवश बाहर निकलने पर गर्म कपड़े पहने, मफलर व टोपी लगाए, सर्दी, खांसी व बुखार होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य परीक्षण कराएं।

## क्रॉस कंट्री दौड़ में खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन



**राजनांदगांव।** अंतर महाविद्यालयीन क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता में दिग्विजय कॉलेज के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंतर महाविद्यालयीन क्रास कंट्री दौड प्रतियोगिता में दिग्विजय महाविद्यालय के खिलाड़ियों निशा साहू, भगवती यादव, साक्षी यादव व मनोज कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते महाविद्याालय को गौरवान्वित किया।

शासकीय नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में आयोजित इस प्रतियोगिता के महिला वर्ग में दिग्विजय महाविद्यालय की बी.काम. की छात्रा भगवती यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त कर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय चैम्पियन बनी। वहीं साक्षी यादव चतुर्थ व निशा साहू ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। पुरूष वर्ग में दिग्विजय महाविद्यालय के बी.ए. के छात्र मनोज कुमार ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर ने क्रीडाधिकारी अरुण चौधरी, निशा साहू, भगवती यादव, साक्षी यादव व मनोज कुमार को अंतरमहाविद्यालयीन क्रास कंट्री दौड प्रतियोगिता में शनदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी। इन चारों खिलाड़ियों का चयन एसआरटीएम विश्वविद्यालय नांदेड में आयोजित अखिल भारतीय क्रास कंट्री दौड प्रतियोगिता में हुआ है।

## बसंतपुर में सात दिवसीय राजयोग शिविर का शुभारंभ



**राजनांदगांव।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय वरदान भवन लालबाग राजनांदगांव द्वारा विवेकानंद विद्यालय के सामने शीतला मंदिर के पास बसंतपुर वार्ड क्र. 42 में सात दिवसीय राजयोग मेडिटेशन शिविर का उदघाटन 21 दिसंबर को परमात्मा शिव की पूजा-अर्चना व दीप प्रज्जवलित कर हुआ।

इस अवसर पर सेवा केंद्र संचालिका, शिविर की मुख्यवक्ता राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी सहित पार्षद खेमिन यादव, अधिवक्ता शारदा तिवारी, योग शिक्षिका डॉ. साधना तिवारी, समाजसेवी अर्चनादास, पुष्पा सोनी, धनसाय साहू, राजेश यादव सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। यह शिविर निःशुल्क है, जो 28

### युवक-युवती परिचय सम्मेलन कल

- विस अध्यक्ष रमन व उपमुख्यमंत्री साहू होंगे शामिल

**राजनांदगांव।** राज्य स्तरीय साहू युवक-युवती परिचय सम्मलेन आगामी 24 दिसंबर को आयोजित है। जिसकी तैयारी जोरशोर से किया जा रहा है। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व उपमुख्यमंत्री अरुण साहू सहित साहू समाज के सभी नवनिर्वाचित 12 विधायक होंगे। साथ ही सभी सामाजिक विधायकों का सम्मान किया जाएगा।

जिला साहू संघ के उपाध्यक्ष शैलेन्द्र साहू ने बताया कि इस कार्यक्रम की तैयारी व्यापक स्तर से चल रही है।सामाजिक पदाधिकारीगण करीब महीनेभर से इसके लिए जोरशोर से सभी तहसीलों मे बैठक ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि साहू समाज के विवाह योग्य युवक-युवती को अपना परिचय देने का एवं भावी जीवन साथी के चयन करने का एक अवसर प्रदान करता है। इसके साथ ही साहू समाज के विधायकों का सम्मान भी इस कार्यक्रम में किया जाएगा। जिसमें डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू, पूर्व विधायक छन्नी साहू, पूर्व विधायक खेदूराम साहू व राजनांदगांव के अलावा अन्य जिलों के सम्मानित सामाजिक जनप्रतिनिधिगणों का सम्मान किया जाएगा।

## नौनिहालों ने किया दो दिवसीय भ्रमण

- धार्मिक स्थलों और पार्क का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल ठाकुरटोला 19 दिसंबर को राजनांदगांव के धार्मिक स्थलों की यात्रा करवाई गई। विद्यालय के नर्सरी, केजी-1 और केजी-2 के विद्यार्थियों को सर्वप्रथम पाताल भैरवी बर्फानीधाम के दर्शन करवाए गए और पूजा-अर्चना की गई।



इसके बाद सिक्खों के धर्मस्थल के दर्शन करवाए गए और गुरूग्रंथ साहब की पूजा कर प्रसाद दिलवाया गया।

अंत में ईसाइयों के धार्मिक स्थल गिरिजा घर ले जाया गया, जहां उन्हें मदरमैरी और ईसा मसीह के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

इसी क्रम में 20 दिसंबर को ऊर्जापार्क और चौपटी भ्रमण के लिए ले जाया गया। यहां बच्चों ने झूले, टॉय ट्रेन एवं गार्डन के साथ ही नृत्य संगीत एवं सरूचि कर भोजन का भी भरपूर आनंद लिया। इस धार्मिक यात्रा और पिकनिक से विद्यालय के नौनिहाल बहुत ही आनंदित व प्रभावित हुए। साथ ही उन्हें ज्ञानार्जन भी हुआ। प्राचार्य रेखा तिवारी के मार्गदर्शन में बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखते शिक्षकों ने इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करवाया।

## तीरंदाजी स्पर्धा के लिए खिलाड़ी पटियाला रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नार्थ-ईस्ट यूनिवर्सिटी जोन तीरंदाजी स्पर्धा का आयोजन कल 23 से 26 दिसंबर तक पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला में आयोजित है। उक्त स्पर्धा में राजनांदगांव जिले के तीरंदाजी कॉलेज के खिलाड़ी संबद्ध यूनिवर्सिटी की ओर से भाग लेने 20 दिसंबर को रवाना हो गए हैं।

प्रतियोगिता की जानकारी देते एनआईएस कोच राहुल साहू ने बताया कि उक्त स्पर्धा में राजनांदगांव जिले से कुल 9 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। जिसमें राहुल साहू, भोपेन्द्र सिन्हा, चंदन साहू, युगल साहू, तरूण उईके, अलका वर्मा, शालिनी, टीना साहू, चांदनी शामिल हैं। चयनित खिलाड़ियों को स्पर्धा के दौरान एनआईएस कोच राहुल साहू मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। विदित हो कि गत वर्ष इंटर यूनिवर्सिटी तीरंदाजी स्पर्धा में दुर्ग यूनिवर्सिटी ने एनआईएस कोच राहुल साहू के कुशल मार्गदर्शन में कंपाउंड खिलाड़ी ने मेडल जीता था।

### तैयारी के लिए कैंप आयोजित

विदित हो कि अंतरमहाविद्यालयीन स्पर्धा में चयनित होने के पश्चात खिलाड़ियों के खेल में बेहतर प्रदर्शन करने हेतु दुर्ग यूनिवर्सिटी की ओर से तीरंदाजी कैंप का आयोजन किया गया। उक्त कैंप अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित हुआ। जिसमें एनआईएस कोच राहुल साहू ने स्पर्धा में अच्छा प्रदर्शन करने हेतु मार्गदर्शन दिया। इस कैंप में खिलाड़ियों को कोच कुशल रजक एवं अजेन्द्र टांडेकर का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

### टीम को दी बधाई

यूनिवर्सिटी की ओर से चयनित होकर नार्थ-ईस्ट यूनिवर्सिटी जोन तीरंदाजी स्पर्धा खेलने पटियाला के लिए रवाना होने एवं बेहतर प्रदर्शन करने की कामना के साथ महाविद्यालय के प्राचार्य, क्रीड़ा अधिकारी, यूनिवर्सिटी परिवार सहित राजनांदगांव से मनोज चौधरी अधिवक्ता, क्रीड़ा अधिकारी नीता नायर, क्रीड़ा अधिकारी अरूण चौधरी एवं खिलाड़ियों के परिजनों ने शुभकामनाएं दी।




पृष्ठ 9 का शेष

### सांसदों के निलंबन पर...

सुदेश देशमुख, महेन्द्र यादव, नरेश डाकलिया, मेहुल मारू, रूपेश दुबे, खिलेश्वर पाल, चंद्रभान बाजपेयी, बबलू कसार, गोपीचंद गायकवाड़, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, छुरिया ब्लॉक अध्यक्ष रितेश जैन, डोंगरगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, ग्रामीण महामंत्री दुर्गेश द्विवेदी, डोंगरगांव महेन्द्र वैष्णव, अमित जंघेल, चेतन सिन्हा, सुरेन्द्र देवांगन ने अपनी बात रखी।

इस दौरान प्रमुख रूप से रमेश डाकलिया, थानेश्वर पाटिला, रमेश राठौर, विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, नासिर जिंदरान, हनी ग्रेवाल, झम्मन देवांगन, अंगेश्वर देशमुख सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन अजय मारकंडे व अमित चंद्रवंशी ने किया। उक्त विरोध प्रदर्शन में उपस्थित कांग्रेसजनों का आभार शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष शारदा तिवारी ने किया।

## युगांतर स्कूल का वार्षिकोत्सव आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



युगांतर पब्लिक स्कूल का बहुप्रतीक्षित वार्षिकोत्सव कल 23 दिसंबर को सुनील कुमार जैन आईएएस डॉयरेक्टर पब्लिक इंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट ऑफ स्कूल एजुकेशन गवर्नमेंट ऑफ छत्तीसगढ़ के मुख्य आतिथ्य में अपरान्ह 3.30 बजे से रखा गया है। इस अवसर पर आयोजित वार्षिकोत्सव में द ग्रेट मौर्या अशोका, मणिकर्णिकाः द क्वीन, आशाएं, महाशक्ति, रेट्रो रेवोल्यूशन, वो दिन भी क्या दिन थे, ट्रिब्यूट ऑफ बप्पी लहरी, पिता द बांड आफ लव, कामिक बग्स, मस्ती की पाठशाला, एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), जिंदगी क्या है-मोबाइल हटाकर देखो जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण के केंद्र होंगे। इसके अलावा विद्यार्थियों द्वारा और भी रोचक आकर्षक प्रस्तुतियां होगी।

लगभग तीन हजार दर्शकों के विशाल समुदाय के बीच आयोजित वार्षिकोत्सव विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। जिसमें 1050 विद्यार्थी गीत, नृत्य, अभिनय जैसी रोचक कलाओं का प्रदर्शन करेंगे। युगांतर के 24 एकड के विशाल परिसर में आयोजित वार्षिकोत्सव का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार रहता है। इस तारतम्य में गणमान्य अतिथियों द्वारा विद्यालय की वार्षिक पत्रिका युगांतर विजन का विमोचन होगा। प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। विद्यालय के प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक अकेडमिक्स सुशील कोठारी, हैड ब्वाय ईशान गुप्ता, हेड गर्ल अनुष्का जैन, पीआरओ दिनेश प्रताप सिंह, प्रशासक सुरेंद्र भार्गव, कार्यक्रम प्रभारी वंदना सिंह, श्वेता मूंदड़ा, विनय नायडू, प्रवीण राजन सहित युगांतर परिवार ने विद्यार्थियों के साथ पालकों को वार्षिकोत्सव की शुभकामनाएं देते आमंत्रित किया है।






## खबर संक्षेप

### कुई में संकुल स्तरीय खेल स्पर्धा का आयोजन



**कुई कुकदूर।** पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत सुंदूर वनांचल कुई में शुक्रवार को संकुल स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिस पर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अथिति महामंत्री मंडल कुई बसंत वटिया, अध्यक्ष युवा मोर्चा दशरथ कुंभकार, उपाध्यक्ष सोनू सलूजा, सरपंच प्रतिनिधि साधु कोठारी, बद्री कोठारी, अशोक दास, बलराम टांडिया द्वारा मां सरस्वती के तैल-चित्र पर पूजा-अर्चना कर किया गया। इस प्रतियोगिता में प्राथमिक वर्ग बालक-बालिका के बीच दौड़, कबड्डी, खो-खो, जलेबी दौड़, कुर्शी दौड़, रस्सी छलांग, बोरा दौड़, गोली चमच्च दौड़ आदि विधाओ में बेहतरीन खेल-कला कौशल का प्रदर्शन कर दर्शकों को प्रभावित किया। जिस पर साधु राम कोठारी ने कहां कि विद्यार्थियों से शानदार प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं प्रेरित किया वहीं शनिवार को माध्यमिक विभाग स वर्ग का रोमांचक मैच रहेगा साथ ही साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में विजयी प्रतिभागियों को मैडल व पुरुस्कार वितरण अतिथियों द्वारा दिया गया। इस संकुल स्तरीय खेल स्पर्धा में संकुल क्षेत्र के शिक्षक स्टाफ, जनप्रतिनिधियों व पालकगण व ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

### शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हरिनछपरा दो दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा संपन्न



**बरबसपुर।** कवर्धा विकासखण्ड अंतर्गत भालूचुवा में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हरिनछपरा में दो दिवसीय खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया, जिसमें खेलकूद प्रतियोगिता में लंबी कूद, फुगड़ी, खो-खो, कबड्डी, नाटक, जलेबी दौड़, 200 मीटर दौड़, रस्सी खींच में शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला हरिनछपरा के विद्यार्थियों का दबदबा रहा वहीं द्वितीय स्थान भालूचूवा विद्यालय रहा। जिस पर मुख्य अतिथि सरपंच आनंद दास बघेल एवं सचिव रोहित कोसले, जनपद सदस्य हीरा कोसले, शाला समिति अध्यक्ष जलेश बघेल द्वारा जीतने वाला छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान समस्त शिक्षक-शिक्षिका, पंचगण व ग्रामीणजन सहित छात्र-छात्राओं उपस्थित थें।

### संकुल स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता संपन्न



**कुण्डा।** पंडरिया विकासखण्ड समीपस्थ संकुल केंद्र पेंड्रीकला में चार दिवसीय संकुल स्तरीय खेलकूद समापन कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि नंदलाल चंद्राकर रहें। उन्होंने कहा कि खेल-कूद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल-कूद से बच्चे हार-जीत के महत्व के साथ ही साथ हार को भी एक चुनौती मानकर स्वीकार करते हैं एवं पुनः जीत के लिए पूर्ण मनोयोग से प्रयास करते हैं, हार से हम सभी को सबक लेना चाहिए कि जीत के लिए पूरी तरह से प्रयास नहीं किया गया। श्री चंद्राकर ने बताया कि खेल-कूद हमारे तन के साथ ही साथ मन को भी स्वस्थ करता है जिसका सकारात्मक प्रभाव हमारे जीवन पर पड़ता है शिक्षा जगत में जीवन जीने के लिए अनेको विषय में से एक विषय खेल भी हमे सकारात्मक जीवन शैली के लिए प्रेरित करता है, समापन कार्यक्रम में संकुल प्रभारी ओमप्रकाश पाण्डेय, संकुल समन्वयक विष्णु प्रसाद चंद्राकर एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बसनी के प्रधान पाठक बलदाऊ प्रसाद चंद्राकर ने छात्र-छात्राओं का मनोबल व उत्साह वर्धन किया। वहीं शिक्षक नीलम धनकर ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया साथ ही पूर्व माध्यमिक शाला बसनी के प्रधान पाठक बलदाऊ चंद्राकर मेजबान विद्यालय के रूप में आभार व्यक्त किया, इस दौरान आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

### पथर्रा में संकुल स्तरीय बाल कीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन, विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

**कवर्धा।** विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम पथर्रा में संकुल स्तरीय बाल कीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें शासकीय पूर्व एवं प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सरपंच रोशन परिहार, शाला विकास प्रबंध समिति विपनेश द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र में पूजा-अर्चनाकर साथ ही खेल ध्वजारोहण, राजकीय गीत, फीता काटकर खेल शुभारंभ का किया गया, जिस पर छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, प्राथमिक विभाग के सभी खेल जिसमें 60 से 400 मीटर रिलेरेस दौड़, खो-खो, कबड्डी, जलेबी दौड़, सुई-धागा, रस्सी छलांग, सुरीली कुर्सी, गोला फेक, फुगड़ी दौड़, बोरा दौड़ खेल एवं शानदार मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**बैठक:** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अफसरों की बैठक लेकर दिए आवश्यक निर्देश

# सुतियापाठ जलाशय विस्तारीकरण के लिए शासन स्तर पर काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री बनने के बाद कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले में जनता से किए गए वादा को पूरा करने के लिए राज्य शासन स्तर पर अपना कदम बढ़ा दिया है। डिप्टी सीएम श्री शर्मा ने जिले बहु प्रतिक्षित मांग सुतियापाठ जलाशय के नहर विस्तारीकरण करने के लिए क्षेत्र के किसानों से वादा किया था। इस वादे को पूरा करने के लिए उन्होंने पदभार ग्रहण करते ही राज्य स्तर पर जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अफसरों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने सुतियापाठ जलाशय के नहर विस्तारीकरण के लिए शीघ्रता से सर्वे करने और कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

डिप्टी सीएम श्री शर्मा के निर्देश पर जल संसाधन विभाग के सचिव श्री अन्बलगन पीने विभागीय टीम के जिले के अंतर्गत प्रस्तावित सिंचाई योजनाओं का निरीक्षण किया गया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि सुतियापाठ जलाशय के नहर विस्तारीकरण के लिए सर्वे का काम शुरू कर दिया है। इस सर्वे में क्षेत्र के लगभग 24 से अधिक गांवों के हजारों किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी। यह जिले की बहुप्रतिक्षित मांग थी सुतियापाठ नहर विस्तारीकरण के सर्वे काम शुरू होने से क्षेत्र के किसानों में उत्साह भी देखा जा रहा है।

विभागीय अधिकारी ने बताया कि सुतियापाठ जलाशय बायी तट के नहर विस्तारी करने के लिए ग्राम खजरकला, बाम्हनटोला, सिल्हाटी, विचारपुर, दलसाटोला, सिंगारपुर, ढोढमा नवापारा, सुकतरा, बाजगुड़ा, दैहानडीह, खैरबना, नवाघटा, रेंगाटोला, रंजीतपुर, पटपर, डोंगरिया, रणवीरपुर, विरेन्द्रनगर, तिलईभाट, राम्हेपुरा, मानपुर, लखनपुर, जमुनिया को प्रारंभिक सर्वे में शामिल किया गया है। वर्तमान में 24 गांव शामिल है, आसपास के और गांव भी सर्वे में शामिल हो सकता है, इसके लिए सर्वे एवं परीक्षण का काम करना विभागीय निर्देश पर शुरू कर दिए है।

राज्य स्तरीय विभागीय निरीक्षण दल द्वारा करियाआमा जलाशय योजना एवं बहेराखार मध्यम जलाशय परियोजना का निरीक्षण किया गया। जिसमें विशेष रूप से बहेराखार मध्यम परियोजना के अंतर्गत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हर संभव संभावनाओं के आधार पर कार्य करने के लिए आदेशित किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी सुतियापाट परियोजना उपसंभाग क्र 03 सहसपुर लोहारा, अनुविभागीय अधिकारी कर्रानाला बैराज उपसंभाग सहसपुर लोहारा, अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन उपसंभाग क्र 02 कवर्धा एवं सर्व संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे। राज्य स्तरीय टीम में जलसंसाधन सचिव के साथए प्रमुख अभियंता आईजे उइके, मुख्य अभियंता मुकेश कुमार संतोषी, अधीक्षण अभियंता, डीके भगोरिया कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग एनके चौहान शामिल थे।



#### किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए विशेष जोर

डिप्टी सीएम विजय शर्मा के निर्देश पर सुतियापाठ जलाशय से रबी फसल के लिए किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए विशेष जोर दिया गया। नहर विस्तारीकरण स्थल का परीक्षण किया गया। इसके साथ ही जिले के प्रस्तावित नए जगमड़वा जलाशय योजना, बड़ौदाखुर्द जलाशय योजना स्थल का दौरा कर स्थल की समस्त जानकारी सचिव द्वारा ली गई। जिसमें मुख्य रूप से भू-अर्जन प्रकरण, वनभूमि का डायवर्सन एवं उसकी प्रक्रियाओं पर हो रहे विलम्ब पर कार्यां को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से निराकरण के लिए कार्य ऐजेसियों को निर्धारित मापदण्ड पर कार्य करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए एवं योजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालन अभियंता द्वारा दी गई।



### बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में पेण्ड्रीकला के विद्यार्थियों ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बसनी में संकुल स्तरीय चार दिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पेण्ड्रीकला के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। संकुल स्तरीय चार दिवसीय खेल स्पर्धा में बोरा दौड़ में प्रथम स्थान हरिन्द्र, रिलेरेस में मनीष अनुराग, नरोत्तम, खेलेन्द्र विजयी रहें, 100 मीटर दौड़ में रामेश्वरी प्रथम, 200 मीटर दौड़ में पायल प्रथम, फुगड़ी में अन्नू प्रथम, बालिका रिलेरेस में रामेश्वरी, पायल, फलक, देवकी प्रथम, 60मीटर दौड़ में पुष्पराज द्वितीय, बोरा दौड़ में प्रमोद द्वितीय, गोली चम्मच में मोतीराम द्वितीय, आलू दौड़ में पुष्पराज तृतीय, 100 दौड़ में रूद्र कुमार द्वितीय, 200 मीटर दौड़ में मनीष द्वितीय, त्रिटंगी दौड़ में आकाश और अनुराग तृतीय, सुई-धागा में दुर्गा द्वितीय, सुरीली कुर्सी दौड़ में पूनम तृतीय, लंबी कूद में खुशबू द्वितीय, बालक वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम एवं बालिकाओं ने खो-खो में प्रथम स्थान प्राप्तकर शानदार जीत हासिलकर पेण्ड्रीकला शाला का नाम रौशन किया।

जिस पर विद्यार्थियों के इन उपलब्धियों पर शाला के प्रधान पाठक बैजनाथ चंद्राकर, खेल प्रभारी भुनेश्वर सिंह चौहान, सुश्री जानकी चुरेन्द्र व बुद्धेश्वर राम प्रधान ने छात्र-छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

### डीएवी एमपीएस धरमपुरा में राष्ट्रीय गणित दिवस मना



**हरिभूमि दशरंगपुर।** शुक्रवार को डीएवी एमपीएस धरमपुरा में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। देश के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिन के अवसर पर मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत महान गणितज्ञ रामानुजन के छायाचित्र में तिलक व माल्यार्पण कर किया गया। स्कूल इंचार्ज कुश कुमार साहू द्वारा छात्र-छात्राओं को अपने संबोधन में कहा कि हमारे दैनिक जीवन में हर समय गणित का उपयोग होता है जिसे समझने की आवश्यकता होती है जैसे एक कमरे में कितनी खिड़कियां हैं कितनी पंखा है कितनी स्विच है आदि इसी क्रम में आगे कहा की भारत सरकार ने वर्ष 2012 में रामानुजन की जयंती को राष्ट्रीय गणित दिवस के तौर पर मनाने का फैसला किया था। इसके बाद से हर वर्ष 22 दिसंबर का दिन राष्ट्रीय गणित दिवस के तौर पर मनाया जाता आ रहा है। इसी क्रम में गणित के शिक्षक लोभन साहू व कैलाश देवांगन द्वारा अपने संबोधन में कहा की 32 वर्ष की उम्र में रामानुजन का टीबी की बीमारी के कारण निधन हो गया। लेकिन इतने कम उम्र के जीवन में भी वो देश-दुनिया के लिए इतना कुछ कर चुके थे, कि उनके कार्यो को कभी भुलाया नहीं जा सकता था, उनके योगदान को देखते हुए साल 2012 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में घोषित किया। वहीं छात्र छात्राओं के गणित विषय में अपनी अभिरुचि दिखाते हुए इनमें कई तरह के क्विज, पोस्टर व भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित किया गया। मैथ्स लर्निंग क्विज प्रोग्राम में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के दयानंद, हंसराज, विरजानंद, श्रद्धानंद सदन के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। वहीं मंच संचालन संगीत शिक्षक लोकनाथ द्वारा किया।

### युकां प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चन्द्रवंशी के नेतृत्व में निकाली गई शहर में विरोध रैली



- मुख्यमंत्री के नाम मांगों को लेकर जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला पंचायत सदस्य एवं युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चन्द्रवंशी के नेतृत्व में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों द्वारा छत्तीसगढ़ में किसानों का कर्ज माफ करने एवं कर्ज के चलते आत्महत्या करने वाले मृतक किसान के परिजनों को न्याय व आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की को लेकर जिला मुख्यालय कवर्धा रैली निकालकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।

इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चन्द्रवंशी ने कहा कि किसानों ने भरोसा कर प्रदेश में भाजपा को समर्थन दिया है जिसके कारण प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है बीते दिनों कर्ज के बोझ तले दबे प्रदेश के नारायणपुर जिले के ग्राम कुकड़ाझोर के कृषण हीरूराम ने आत्महत्या कर ली। श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि युवा कांग्रेस प्रदेश की भाजपा से सरकार किसानो का कर्ज माफ करने तथा मृतक किसान हीरूराम के परिजनो को 50 लाख रूपए का मुआवजा देने की मांग करती है।

उन्होने बताया कि अपनी इसी मांग को लेकर युवा कांग्रेस ने बुधवार को जिला मुख्यालय कवर्धा में विरोध रैली निकालकर प्रदेश के मुख्य मंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा हैं। युकां ने चेतावनी दी है कि अगर एक माह के भीतर मांग पूरी नहीं की गई तो आने वाले दिनो में उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से अंकित चौबे, समीर, राजू यादव, अजय कौशिक, अमन बर्वे, हेमंत ठाकुर, नवीन चंद्राकर, व्यास चंद्राकर, अरमान खान, विवेक जायसवाल, केतुल नाग, गौरांश पॉल, बृजेश चंद्रवंशी, जितेंद्र चंद्रवंशी,डालचंद देवांगन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

### मक्के स्कूल में खेल स्पर्धा आयोजित



**हरिभूमि कवर्धा।** संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शासकीय प्राथमिक शाला मक्के द्वारा शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें बच्चों ने खेल प्रतियोगिता खो-खो ,कबड्डी, रिलेरेस, लंबी कूद, आलू दौड़, 100 मीटर दौड़, जलेबी दौड, सुरीली कुर्सी, कबड्डी स्पर्धा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिस पर शासकीय प्राथमिक शाला मक्के के विद्यार्थियो ने शानदार प्रर्दशन करते हुए अपना दबदबा बनाया वहीं बालक वर्ग कबड्डी प्रतियोगिमा में प्रथम स्थान प्राप्त किया । जिस पर प्राथमिक शाला प्रधान पाठक श्रीमती एलवीना विलसन, संकुल समन्वयक रामसिंह साहू, संकुल प्रभारी महेश खुराना सहित शासकीय प्राथमिक व शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं व शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष अयोध्या साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती दुखिया तथा सदस्य ग्राम पटेल कुमार साहू, सरपंच मुक्तानंद साहू, उपसरपंच-पंच सहित ग्रामवासी एवं पालक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

**न्यायालय तहसीलदार पण्डरिया, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा. प्र. क्र.121/वर्ष 2023-24

आवेदिका

कुंदियाकबाई पति सिद्धराम चंद्रवंशी जाति कुर्मी निवासी ग्राम डोंगरियाकला, तहसील पण्डरिया जिला-कबीरधाम (छ०ग०)

ईश्तहार द्वारा आम जनता ग्राम डोंगरियाकला प.ह.न. 43 को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कुंदियाकबाई पति सिद्धराम चंद्रवंशी जाति कुर्मी निवासी ग्राम डोंगरियाकला, तहसील पण्डरिया, जिला कबीरधाम के द्वारा तहसीलदार पण्डरिया के समक्ष इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदिका के पुत्र चंद्रिका चंद्रवंशी पिता सिद्धराम का जन्म दिनांक 03.06.1990 को ग्राम डोंगरियाकला में हुआ है, जिसका जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किया जाये।

इस संबंध में जिस किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति पत्र स्वयं उपस्थित होकर दो प्रति में दिनांक 03.01.2024 समय 11:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति पत्र को अमान्य समझा जावेगा।

आज दिनांक 19.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से ग्राम में ईश्तहार जारी किया गया।

जारी दिनांकः- 19.12.2023

पेशी दिनांकः- 03.01.2024

मुहर

तहसीलदार
पंडरिया

ज्योतिषी
Mo. 9300415345

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8085076969

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
LOW PROCESSING FEE
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

### समिति 24 दिसम्बर को कंबल-शाल वितरण करेगी

# सीनियर सिटीजन समिति ने पेंशनर दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्ट्रेट स्थित सियान जतन द्वारा सीनियर सिटीजन समिति कवर्धा द्वारा प्रतिवर्षानुसार की भांति पेंशनर दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम अध्यक्ष मदन तंबोली, सचिव चन्द्रहास ठाकुर कोषाध्यक्ष बीपी सोनी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता एसएस पाठक प्रभाकर शुक्ला एवं एसएस जैन ने श्रीराम-सीता विवाह के पावन अवसर पर श्रीराम-सीता की पूजन किया।

सभी ने श्रीराम वन्दना करते हुए एक-दूसरे को शुभकामनाएं प्रेषित की। पेंशनर दिवस एवं श्रीराम-सीता विवाह के विषय में आदित्य श्रीवास्तव ने अपने विचार व्यक्त किया, वरिष्ठ अधिवक्ता श्री पाठक ने सरकार से पेंशनर को 70वर्ष की आयु होने पर 80 प्रतिशत पेंशन की पात्रता देने की बात कही जो कि अभी 80 वर्ष की आयु पर है। उनका कहना है कि 80 वर्ष तक कम ही लोग जीवित रहते हैं।



वहीं सीएस ठाकुर एवं प्रभाकर शुक्ला ने विचार व्यक्त किया जिस पर चौपाइयों एवं श्लोक से श्री रामचरित मानस को जीवन ग्रन्थ बताया व नए सदस्य अशोक साहू योगाचार्य ने योग पर विस्तृत टिप्स दिए। सीनियर सिटीजन समिति द्वारा अपने सामाजिक कार्य के अंतर्गत प्रतिवर्ष की भांति इसवर्ष भी वनांचल के जरुरतमंद जन-जातीय भाई-बहनों को आगामी 24 दिसम्बर को कंबल-शाल वितरण एवं नेकी की दीवार से प्राप्त पहनने योग्य अच्छे कपड़ों की विशाल मात्रा प्राप्त हुई है उसका भी वितरण किया जाएगा।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराणा प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
L4-L5 नशों में दबाव
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### एक दिवसीय कार्यशाला की गई आयोजित

**कवर्धा।** डायरेक्टर जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड नागपुर द्वारा जिला पंचायत के सभागार में 2 दिसंबर 2023 को 11 बजे से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें निर्यात के संबंध में जानकारी डीजीएफटी नागपुर की टीम द्वारा दिया जाएगा। कार्यशाला का सफल आयोजन के लिए चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, गुड़ उद्योग, राईस मिल संघ एवं अन्य उद्योगपतियों, सूक्ष्म एवं लघु उद्योग से संबंधित इकाईयों के प्रोपाईटर, प्रतिनिति एवं महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों सहित इच्छुक व्यक्तियों की अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति चाही गई हैं। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक डीएल पुसाम ने निर्धारित तिथि, समय पर उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### जिला पंचायत में बैठक 28 दिसम्बर को

**कवर्धा।** जिला पंचायत कबीरधाम के सामान्य प्रशासन स्थायी समिति एवं सामान्य सभा की बैठक 28 दिसंबर को जिला पंचायत के सभागार में आयोजित किया गया है। सामान्य प्रशासन स्थायी समिति की बैठक 1.30 बजे होगी। इसके बाद दोपहर दो बजे जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक आयोजित की जाएगी। जिपं सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक विभागीय जानकारियों के साथ बैठक में उपस्थित होने कहा गया है।

### कक्षा 6वीं में 35 व 9वीं में 4 सीटें खाली

**कवर्धा।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर भोरमदेव महराजपुर में कक्षा 6वीं में 35 और कक्षा 9वीं में 4 सीटें रिक्त है। इन सीटों पर सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए 17 फरवरी 2024 को चयन परीक्षा आयोजित की जाएगी। कक्षा 6वीं में अनुसूचित जनजाति की 28 सीट, अनुसूचित जाति के 5 व अन्य के लिए 2 सीट रिक्त है। कक्षा 9वीं में अजाजजा के लिए 2-2 सीट रिक्त है। इस परीक्षा के लिए आवेदकों को आवेदन 5 फरवरी 2024 तक कन्या शिक्षा परिसर भोरमदेव, महराजपुर में जमा करना होगा।

**नजारा:** चिल्फी के अंदरूनी इलाकों में नजर आ रही जमी हुई ओस की सफेद चादर

# कड़ाके की ठंड में जमने लगी आसामान से गिरी ओस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चिल्फीघाटी

इन दिनो समूचे जिले में पड़ रही कड़ाके की ठंड के बाद एक बार फिर छत्तीसगढ़ राज्य के शिमला के नाम से विख्यात जिले के वनांचल ईलाके चिल्फीघाटी क्षेत्र में रात में गिरने वाली ओस जमने लगी है।

हालांकि ओस जमने का नजारा अभी चिल्फी मुख्यालय में देखने को नहीं मिल रहा है लेकिन अंदरूनी ईलाकों में यह नजारा साफ दिखाई देने लगा है। माना जा रहा है कि अगर मौसम और ठंड का मिजा ऐसा ही रहा तो आने वाले कुछ दिनो यह नजारा चिल्फी में भी दिखाई देने लगेगा।

जानकारी के मुताबिक इन दिनों वनांचल क्षेत्र चिल्फीघाटी में इस कदर की ठंड पड़ रही है कि रात के समय आसमान से गिरने वाली ओस की बूंदे सुबह तक जम जा रही है और वनांचल के अंदरूनी ईलाकों में बर्फ की एक पतली सफेद परत सी नजर आ रही है। स्थानीय लोगों की माने तो पिछले दो-तीन दिन से वनांचल के अंदरूनी ईलाकों में यही स्थिति बन रही है।

#### कड़ाके की ठंड में स्थानीय लोगों का हालबेहाल



वनांचल क्षेत्र चिल्फीघाटी का मौसम और नजारा भले ही मनमोहक हो लेकिन जहां तक स्थानीय लोगों की बात की जाए तो कड़ाके की ठंड में उनका हाल बेहाल है। सार्वधिक परेशानी उन साधन विहीन वनवासियों को भुगतनी पड़ रही है जो जंगलों के अंदर निवासरत हैं। बताया जाता है कि इन वनवासियों के लिए रात तो रात दिन गुजारना भी मुस्किल हो रहा है और वे चौबिसों घंटे अलाव का ही सहारा ले रहे हैं।

कड़ाके की ठंड के बीच रात के समय पैरावट, पेड़ पौंधो, खपरेल वाले मकानो और जमीन में उगी घास में गिरी ओस की बूंदे रात के समय पहुंचने वाले न्यूनतम तापमान में जम रही है। जिसके चलते इन दिनो वनांचल का भोर फटने से पहले का नजारा देखने लायक होता है। एक तफर घना कोहरा मानो ऐसा लगता है कि बादल जमीन पर ही उतर आए हैं वहीं दूसरी तरफ जमीन से लेकर पेड़ पौधों और मकानो में बिछी बर्फ की पतली सफेद चादर मनमोहक नजर आ रही है।

# देश में बढ़ते कोरोना को लेकर जिला प्रशासन फिर जुट तैयारियों में

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

कोरोना के ओमिक्रान वैरियंट पिछले कुछ हप्तों में देश के अन्य राज्यों में फैल रहा है। देश भर में कोविड के बढ़ रहे मामलों को देखते हुए जिले में स्वास्थय संचालनालय के निर्देश पर सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देशानुसार सीएमएचओं डॉ. सुजॉय मुखर्जी एवं सिविल सर्जन डॉ एम सूर्यवंशी ने जिला अस्पताल में नए भवन में 20 आईसीयू बेड एवं आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण किया। यहां बताया गया कि जिला अस्पताल में अलग से 20 बेड की आईसीयू वार्ड तैयार कर लिया गया है, इसके अलावा अन्य सारी सुविधाएं भी तैयार है। फिलहाल जिले में एक भी केस सामने नहीं आया है। सीएमएचओं डॉ. सुजॉय मुखर्जी ने बताया कि जिला अस्पताल में आने वाले सर्दी, खांसी के मरीजों की संख्या बढ रहीं है। कोविड-19 के नए वैरियंट को देखते हुए सतर्कता बरती जा रही है। जिला अस्पताल में कोरोना के इलाज के लिए सभी तैयारी पूर्ण है, अस्पताल में चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टॉफ की तीन शिफ्ट में डयूटी लगाई गई है। कोरोना के नियंत्रण के लिए मैदानी स्तर पर स्वास्थय अमलें को निर्देशित किया गया है। आईसीयू बेड में ऑक्सीजन सहित सभी आवश्यक सुविधाए मौजूद है। इसके अलावा स्व. श्रीमती सुधा देवी धर्मशाला में 40 ऑक्सीजन सुविधायुक्त बेड तैयार है। जिले में सभी स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं, मितानिनों एवं ऑगनबाडी कार्यकर्ताओं को जनता में आवश्यक एहतियात बरतने तथा सतर्क रहने तथा कोरोना के लक्षण दिखने पर तत्काल सूचित करने निर्देश दिए गए है। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में चिकित्सक, नर्सिंग स्टॉफ की डॅयूटी लगा दी गई है। आवश्यकता पडने पर अतिरिक्त चिकित्सक एवं स्टॉफ उपलब्ध है।



# खतरा बना जिला जनसंपपर्क कार्यालय में लगा पेड़

- कभी भी धराशाही हो सकती है पेड़ की सड़ चुकी विशाला शाखा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

जिला कार्यालय परिसर में संचालित जिला जनसंपर्क कार्यालय के ठीक सामने लगा एक विशालकाय पेड़ दुर्घटना को न्यौता देते नजर आ रहा है। लेकिन अभी तक इस संभावित दुर्घटना को न तो किसी ने संज्ञान में लिया है और न ही इस पर किसी जिम्मेदार प्रशासनिक अथवा विभागीय अधिकारी की नजर ही पड़ी है। दरअसल जिला जनसंपर्क के ठीक सामने लगे महालिम प्रजाति के इस विशालकाय पेड़ की एक भारी भरक शाखा लगभग सड़ चुकी है और कभी भी धराशाही हो सकती है। चिंता की बात यह है कि पेड़ की बेहद कमजोर हो चुकी यह शाखा न सिर्फ जिला कार्यालय में विद्युत आपूर्ति के लिए खींचे गए विद्युत तार के ऊपर से गुजरती है बल्कि यहां लगे दो जनरेटर के ऊपर भी इस शाखा का पड़ा हिस्सा आता है। वहीं इसी पेड़ के नीचे जिला जनसंपर्क कार्यालय में आने जाने वाले लोगों के वाहन भी खड़े रहते हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि अगर कभी पेड़ की यह कमजोर शाखा अचानक धराशाही को गई तो न सिर्फ पेड़ के नीचे खड़े वाहनो अथवा लोगों को नुकसान हो सकता है बल्कि जिला कार्यालय की विद्युत आपूर्ति भी ठप हो सकती है। ऐसे में बेहतर यही होगा कि किसी अप्रिय घटना के पूर्व ही इसे पेड़ से अलग कर दिया जाए। जानकारो के मुताबिक महालिम प्रजाति के पेड़ की शाखाए वैसे भी काफी कमजोर होती है और तोड़ा सा भार पडऩे में टूट जाती है।



# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों को 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि देने की मांग

- स्वास्थ्य कर्मचारी फेडरेशन ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों को 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि देने की मांग को लेकर स्वास्थ्य फेडरेशन के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है।

इस संबंध में फेडरेशन के जिलाध्यक्ष सागर सिंह राजपूत ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदाकर्मियों द्वारा संयुक्त मोर्चा के बेनेर तले हाल के महिनों में अनिश्चितकालीन हड़ताल की थी। लगभग महिने भर चली हड़ताल के बाद तात्कालिक सरकार की ओर से राज्य के समस्त विभाग के संविदा अधिकारियों- कर्मचारियों को 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि की घोषणा की गई थी। इस घोषणा के परिपालन में अधिकांश विभागों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों की वेतन वृद्धि 27 प्रतिशत कर दी गई है। लेकिन जहां तक राष्ट्रीय स्वास्थ मिशन के कर्चारियों की बात की जाए तो इसका लाभ उन्हें अब तक नहीं मिल रहा है।

जबकि शासन की ओर से अपर सचिव छत्तीसगढ़ शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से इसके लिए बाकायदा बजट स्वीकृत किया जा चूका है। इसके विपरीत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से एनएचएम स्टाफ के वेतन वृद्धि के संबंध में पत्र जारी कर 27 प्रतिशत के स्थान पर केवल 5 प्रतिशत वेतन वृद्धि का निर्देश दिया गया है। सागर सिंह राजपूत ने बताया कि इस निर्देश के विरोध व नियमानुसार 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि की मांग को लेकर आज कबीरधाम के समस्त स्वास्थ्य संगठनों को समाहित कर बनाए गए स्वास्थ्य फेडरेशन की ओर से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों को 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि देने की मांग की गई है।



# बाल विवाह के प्रभावी रोकथाम के लिए निकाली गई रैली




हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य अंतगर्त चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने ग्राम पंचायत बेंदरची जाकर ग्रामीण एवं स्कूली बच्चों के साथ मिलकर बाल विवाह के प्रभावी रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम व रैली का आयोजन किया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी सत्यनारायण राठौर ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में बताया। बाल संरक्षण अधिकारी श्री राठौर ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम सर्वप्रथम 1929 में लाया गया। इसके बाद 1949, 1978 और इसके बाद 2006 में संशोधन किए गए इसके अनुसार किसी लड़के या लड़की की शादी 18 वर्ष की उम्र से पहले होना बाल विवाह कहलाता है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत शादी के लिए लड़की का उम्र 18 वर्ष और लड़की का उम्र 21 वर्ष होनी चाहिए। महिला संरक्षण अधिकारी नीतिका डडसेना ने बच्चों मिशन शक्ति के बारे में बताया। उन्होंने बेटी बचाओ, बेटी पढाओ अभियान के बारे में बताते हुए शपथ दिलाई। परियोजना समन्वयक महेश निर्मलकर ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 राष्ट्रीय इमरजेंसी 24 घंटे चलने वाली निःशुल्क फोन आउटरीच सेवा है ऐसे बच्चों के लिए जिन्हें देखभाल एवं संरक्षण की जरूरत है कोई भी अनाथ, बेसहारा, लावारिस, घुमंतू, गुमशुदा, बाल श्रम, बाल विवाह से संबंधित बच्चों की सुरक्षा के लिए एवं मदद के लिए निःशुल्क नंबर 1098 पर फोन कर सकते हैं।

### गणित दिवस पर कार्यक्रम आज

पंडरिया। नगर के इंदिरा गांधी शासकीय महाविद्यालय सीजी कास्ट के तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम 22 व 23 दिसंबर को प्राचार्य डॉ. बीएस चौहान के मार्गदर्शन में होगा। कार्यक्रम के संयोजक व गणित विभाग के विभागाध्यक्ष ओमप्रकाश देवांगन के निर्देशन में रंगोली, पोस्टर, प्रश्न मंच प्रतियोगिता होगी। 23 दिसंबर को व्याख्यान होगा। मुख्य अतिथि डॉ. आर धनंजय गोपाल, दिलदार सिंह टंडन, एमएस राजपूत होगे।। आयोजन की तैयारी में कॉलेज के दिनेश कश्यप, चित्रसेन ठाकुर, चंद्रहास सिंह राजपूत, अलेख पटेल, भोलाराम धृतलहरे समेत अन्य कर्मचारी जुटे हैं।

# डिप्टी सीएम शर्मा ने जनहित में लिया संज्ञान, मून सिटी क्लब बंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

कवर्धा में संचालित मून सिटी क्लब द्वारा नियम एवं शर्तों के उल्लंघन कर मून सिटी क्लब संचालित करने की लगातार सूचना एवं शिकायत मिल रही है। उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने जनहित एवं लोकहित में मिल रही शिकायतों में संज्ञान में लिया और मून सिटी क्लब की जांच करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर जिला आबकारी विभाग की टीम द्वारा कवर्धा के मिनी माता चौक के पास संचालित मून सिटी क्लब जांच की गई। जांच में नियम एवं शर्तों के उल्लंघन करते हुए मून सिटी क्लब का संचालन होना पाया गया। जिला प्रशासन द्वारा मून सिटी व्यवसायिक क्लब एफएलएफएल-4 (क) बार लायसेंस को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक निलंबित किया है। डिप्टी सीएम के संज्ञान के बाद जन एवं लोकहित में हुई बड़ी कार्यवाही से आमजनों को बड़ी राहत मिली है।



जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती आशा सिंह ने बताया कि जांच के दौरान एफ.एल.-4 (क) क्लब में अनुज्ञप्तिधारी के प्रतिनिधि द्वारा क्लब के सदस्यों के अलावा अन्य व्यक्तियों को अनुज्ञप्त परिसर में मदिरा परोसा जाना पाया गया जो कि लायसेस शर्त क्रमांक 02 का उल्लंघन है। नियमानुसार मून सिटी क्लब में संचालन द्वारा संचालन के लिए सदस्य बनाने होते है। इस मून क्लब के सदस्यों की पूरी जानकारी मांगी गई तो सदस्यता संबंधी अभिलेख प्रस्तुत नही किया गया। जो अत्यंत गंभीर अनियमितता की श्रेणी में आता है। यह मून सिटी क्लब जगदम्बा पैसेस हॉटल में संचालित था।

इनका संचालन श्रीमती रूबी सिंह पति अशोक सिंह द्वारा किया जा रहा था। जारी आदेश में बताया गया है कि अनुज्ञप्तिधारी द्वारा एफ.एल-4 (क) क्लब से मदिरा का सील बंद बीयर की बोतल का विक्रय, पार्सल करते पाया जाना लायसेंस शर्त क्र. 06 का उल्लंघन का गंभीर अनियमितता है। इसी प्रकार दिनांक 12 दिसंबर 2023 को भी वक्त निरीक्षण एफएल-4 (क) क्लब में अनुज्ञप्तिधारी के प्रतिनिधि द्वारा क्लब के सदस्यों के अलावा अन्य व्यक्तियों को अनुज्ञप्त परिसर में मदिरा परोसा जाना पाया गया। उक्त अनियमितताएं एफ.एल.-4 (क) मून सिटी व्यवसायिक क्लब बार अनुज्ञप्ति के लायसेंस शर्त क्रमांक 02 एवं सामान्य लायसेंस शर्त क्र. 06 का उल्लंघन है तद्संबंध में पायी गई अनियमितता के लिए वृत्त प्रभारी कवर्धा द्वारा पी-8 क्रमांक 144 08 दिसंबर 2023 एवं पी.8 क्रमांक 145 12 दिसंबर 2023 को प्रकरण कायम किया गया।

जारी आदेश में बताया गया है कि उक्त त्रुटि बावत लायसेंस, आबकारी अधिनियम की धारा 31 (1)ख के अंतर्गत निलंबित, रद्द किये जाने योग्य है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आबकारी अधिनियम की धारा 31(1)ख के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मून सिटी व्यवसायिक क्लब एफएल-4 (क) बार लायसेंस को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक निलंबित किया जाता है।

### ग्राम मुड़घुसरी जंगल में विशेषज्ञ स्वास्थ्य का आयोजन शिविर



**कवर्धा।** एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से शिखर युवा मंच द्वारा ग्राम मुड़घुसरी जंगल में विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर का आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम मुड़घुसरी जंगल, कोमो, पीपरहा, धौराटोला, ठाकुरटोला, पाखापानी, बीजाधाप के 227 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें आवश्यक दवाईयां वितरित की गई। जिन ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया उनमें 117 महिलाएं, 37 बच्चे एवं 73 पुरूष शामिल थे। शिविर में डॉ. सोनल शर्मा, डॉ. दिलीप तिवारी (हड्डी रोग विशेषज्ञ) एवं बैजलपुर पीएचसी से डॉ. कमलेश कुमार(आरएमए), सुनील विशनोई (सुपरवाइजर), आकांक्षा पाण्डेय (सीएचओ) कोमो, राजकुमार माथुर (आरएचओ) कोमो, बिशाहीन मरावी (सेक्टर सुपरवाइजर) न शिविर को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया साथ ही एफआरओ के सभी सदस्यों एवं एसबीआई संजीवनी की पूरी टीम ने शिविर को सफल बनाने में अपना सराहनीय योगदान दिया, जिसका लाभ क्षेत्र के ग्रामीणों ने बढ़चढ़कर उठाया। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस प्रकार के आयोजन शिखर युवा मंच द्वारा जिले के आदिवासी क्षेत्रों में लंबे समय से किया जा रहा है जिसका सीधा लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है और वे लाभान्वित हो रहे हैं।

**छिरहा के शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल में राष्ट्रीय गणित दिवस मना**

# विज्ञान व तकनीकी का मेरुदंड है गणितः प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

जिले के कवर्धा विकासखण्ड के अंतर्गत राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत संचालित शासकीय हाई स्कूल छिरहा में राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गणित के व्याख्याता व संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाता है। रामानुजन की गणना आधुनिक भारत के उन व्यक्तित्वों में की जाती है जिन्होंने विश्व में नए ज्ञान को पाने और खोजने की पहल की। आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रो. हार्डी ने रामानुजन में छिपी प्रतिभा को पहचाना, इसके बाद उनकी ख्याति विश्व भर में फैल गई। उनके निधन के पश्चात उनके पांच हजार से अधिक प्रमेयों को छपवाया गया और उनमें से अधिकतर को कई दशक बाद तक सुलझाया नहीं जा सका है। रामानुजन की गणित में की गई अद्भुत खोजें आज के आधुनिक गणित और विज्ञान की आधारशिला बनी। 33 वर्ष की अल्पायु में संख्या सिद्धांत पर अद्भुत कार्य के लिए रामानुजन को संख्याओं का जादूगर माना जाता है। अपने महान गणितीय योगदान के लिए रामानुजन को गणितज्ञों का गणितज्ञ भी कहा जाता है। डॉ. चन्द्रवंशी ने गणित के स्थान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गणित, विज्ञान एवं तकनीकी का मेरुदण्ड है. वेदांग ज्योतिष में ऋषि लगध ने लिखा है कि सभी वेदांग शास्त्रों के शीर्ष पर गणित उसी प्रकार सुशोभित है जैसे मोर के सिर पर शिखा तथा सर्प के फन पर मणि सुशोभित है।



व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी, वीणाक्षी नामदेव, विद्यार्थीगण हिना जोशी, मिनेश यादव, दामिनी जायसवाल, पुष्कर नाथ, पूनम पटेल आदि ने दैनिक जीवन में गणित के उपयोग के संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# ग्राम पंचायत बड़ौदा की महिला सरपंच बर्खास्त

- सरपंच पति करता था सरकारी दस्तावेज में दस्तखत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

कबीरधाम जिले के विकासखण्ड सहसपुर लोहारा की ग्राम पंचायत बड़ौदा कला में पदस्थ महिला सरपंच के पति द्वारा सरकारी दस्तावेजो में स्वयं हस्ताक्षर करने का एक वीडियो सोशल मीडिया में वॉयरल होने के बाद प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही करते हुए ग्राम पंचायत बड़ौदा की महिला सरपंच को बर्खास्त करती है।

जानकारी के मुताबिक सोशल मीडिया में वॉयरल इस वीडियो को प्रशासन ने तत्काल संज्ञान में लेते हुए जांच कमेटी बनाई थी और पूरे मामले की जांच कराई गई।

जांच उपरांत जांच टीम ने अपना जांच प्रतिवेदन अनुविभागीय अधिकारी सहसपुर को सौंपा। जिसमें आरोप सही पाए जाने पर महिला सरपंच जगबति साहू को धारा 40 के तहत बर्खास्त कर दिया है।

सरपंच पति नारायण साहू द्वारा सरकारी दस्तावेज में दस्तख़त करते हुए वीडियो सोशल वीडियो में वायरल हुआ था जो कि नियम विरुद्ध है और प्रशासन ने इसे बेहद गंभीरता से लेते हुए जांच उपरांत बड़ी कार्यवाही की है।